शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 114 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 20 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'तृणमूल ने बंगाल में जनसांख्यिकी को बिगाड दिया'

### टीएमसी और कांग्रेस की सोच विकास की नहीं, ये पार्टियां भ्रष्टाचार फैलाना ही जानती हैं : मोदी

**कोलकाता**

**भाजपा के** वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के बिष्णुपुर और पुरुलिया में जनसभा के बाद मेदिनीपुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर निशाना साधा और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर बड़ी चुनौती दी। ममता बनर्जी की सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि तृणमूल के तुष्टीकरण ने बंगाल में जनसांख्यिकी को बिगाड़ दिया है। तृणमूल दूसरे राज्यों से आए लोगों को बाहरी कहती है, जबकि ये अवैध घुसपैठियों को गले लगाती है। घुसपैठिए बंगाल के लिए खतरनाक हैं, क्योंकि वो राज्य की डेमोग्राफी को बिगाड़ रहे हैं। कई हिस्सों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं। घुसपैठिए दलितों और वंचितों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। जो अल्पसंख्यक हिंदू भाई-बहन प्रताड़ित होकर के यहां आए हैं उनका तृणमूल घोर विरोध करती है। लेकिन मैंने वादा किया था कि मैं इन शरणार्थी परिवारों को नागरिकता दूंगा।



### बाबा साहेब धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे: मोदी

**पीएम ने कहा कि मेदिनीपुर का माहौल** साफ बता रहा है कि पूरा बंगाल विकसित भारत के लिए संकल्प ले चुका है। पूरा बंगाल ये ठान चुका है कि इस बार भी केंद्र में एक मजबूत सरकार बनानी है। इसलिए देश के हर कोने से एक ही आवाज सुनाई दे रही है- फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों के तरकश में जितने तीर थे, वे चला चुके हैं, लेकिन जनता जनार्दन के सुरक्षा कवच के आगे इनका हर तीर, हर साजिश नाकाम साबित हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन आज इंडी गठबंधन वाले धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। कर्नाटक में इन लोगों ने ओबीसी कोटे का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया, तृणमूल इस साजिश में कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस के साथ खड़ी है।

**टीएमसी और कांग्रेस की सोच विकास की नहीं, ये पार्टियां भ्रष्टाचार फैलाना ही जानती हैं : मोदी**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस की सोच विकास या रोजगार की नहीं है। ये पार्टियां परिवारवाद, भ्रष्टाचार फैलाना ही जानती हैं। मोदी ने कहा कि तृणमूल ने पैसे कमाने की भूख में आपके बच्चों को भी नहीं छोड़ा है। यहां शिक्षक भर्ती घोटाले ने युवाओं के साथ ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। गरीब मां-बाप ने घर-जमीन बेचकर, कर्ज लेकर इनके मंत्रियों को घूस दी। आज वे सारे नौजवान सड़कों पर हैं।

### बंगाल की हर बेटी अपने वोट से तृणमूल को तबाह कर देगी: मोदी



**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि तृणमूल ये कहकर राजनीति में आई थी कि मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी। आज तृणमूल मां, माटी और मानुष का ही भक्षण कर रही है।

रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम और इस्कॉन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयान का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि अब तृणमूल ने तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। इन पवित्र संस्थाओं के खिलाफ अफवाह फैलाना ममता बनर्जी की मानसिकता को उजागर करता है। मोदी ने कहा कि बंगाल की महिलाओं का भरोसा तृणमूल कांग्रेस से टूट गया है। संदेशखाली में जो पाप हुआ है, उसने पूरे बंगाल की बहनों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

### बीएसएफ की पूर्वी कमान के एडीजी ने भारत-बांग्लादेश सीमा का किया दौरा

**कोलकाता**

बंगाल में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण से पहले बीएसएफ की पूर्वी कमान के अतिरिक्त निदेशक (एडीजी) रवि गांधी ने पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा का दौरा किया और तैयारियों का लिया जायजा। इस दौरान दक्षिण बंगाल सीमांत के तहत तैनात विभिन्न बटालियनों की परिचालन तत्परता और तैयारियों का आकलन किया गया। इस दौरान उन्होंने दक्षिण बंगाल सीमांत के आईजी आयुष मणि तिवारी, आईपीएस के साथ 5वीं बटालियन के अधिकार क्षेत्र के तहत जयंतीपुर सीमा चौकी क्षेत्र का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने गुनारमठ सीमा चौकी का दौरा किया, जहां कंपनी कमांडर ने उन्हें सीमा अपराधों से निपटने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए प्रभावी उपायों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद अतिरिक्त निदेशक रवि गांधी ने 5वीं बटालियन, बीएसएफ के तहत अंगरेल, डोबारपाड़ा, झाउदांगा, खरारमथ, पुरानी पिपली, नई पिपली, तेंतुलबेरिया और 112वीं बटालियन, बीएसएफ के तहत गरजला, कलांची सहित कई अन्य सीमा चौकियों का दौरा किया गया।

## मोदी सरकार ने "ऑपरेशन झाडू" शुरू किया: सीएम अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के दफ्तर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। दफ्तर में आप विधायक और पार्षद भी मौजूद रहे। इस दौरान केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों ने ऑपरेशन झाड़ू शुरू किया है। ये आम आदमी पार्टी को कुचलने की कोशिश में हैं। हमारे नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में आप का बैंक अकाउंट सीज किया जाएगा। इसके बाद हमारी पार्टी का ऑफिस खाली किया जाएगा। केजीवाल ने कहा कि पिछले 2 साल से इन्होंने(भाजपा) हमारे नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया।



इन्होंने मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया, कल मेरे ढअ तक को गिरफ्तार कर लिया। मैं प्रधानमंत्री को कहना चाहता हूं कि आप एक-एक करके गिरफ्तार कर रहे हैं, आज हम सब साथ ही आ रहे हैं आप गिरफ्तार कर लो, हम डरने वाले नहीं है। केजरीवाल ने कहा कि यह पार्टी एक विचार है। नेताओं को गिरफ्तार किया जा सकता है, लेकिन विचार को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री एक नेता को गिरफ्तार करोगे, ऐसे में 100 नेता पैदा होंगे।

केजरीवाल पर आरोप लगाते हैं वह भ्रष्टाचारी है, लेकिन जानता पूछ रही है शराब घोटाले का पैसा कहां है। लेकिन यहां कोई एक पैसा नहीं मिला। फर्जी केसों को बना रहे हैं। भाजपा ने कहा था कि केजरीवाल खलिस्तान बनाकर वहां का पीएम बनना चाहता है। यह किसी भी हद तक जा सकते हैं। आप लोग स्तर्क रहना। अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'उन्हें(भाजपा) लगता है कि वे इस तरह से आम आदमी पार्टी को खत्म कर देंगे, पार्टी का विनाश कर देंगे। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि ये आम आदमी पार्टी चंद लोगों की पार्टी नहीं है। ये 'अअढ' 140 करोड़ लोगों के सपनों की पार्टी है। जिस तरह के काम हमने दिल्ली और पंजाब में किए हैं, 75 सालों में इस देश के लोगों ने कभी नहीं देखे। दिल्ली और पंजाब में हमने सरकारी स्कूल ठीक करने शुरू कर दिए, गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी। ये पीएम मोदी नहीं कर पा रहे तो उन्होंने तय किया कि इन्हें रोको और गिरफ्तार कर लो। अब हम महिलाओं को हजार-हजार रुपये देने जा रहे हैं। आप एक विचार है। इसके नेताओं को तो गिरफ्तार कर लोगे, इसके विचार को कैसे गिरफ्तार करोगे?'




## सत्ता में आने के बाद भाजपा संघ पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही: उद्धव



**मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद भाजपा अपने मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। महाराष्ट्र में अपनी आखिरी रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि जिस तरह भाजपा ने शिवसेना को इस्तेमाल करके फेंकने की कोशिश की ठीक इसी तरह वे आरएसएस के साथ करेंगे। जेपी नड्डा के बयान के आधार पर ठाकरे ने किया दावा ठाकरे ने यह दावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा।

दरअसल, एक साक्षात्कार में नड्डा ने कहा कि भाजपा जब एक छोटी पार्टी थी मजबूती के लिए हमें आरएसएस की जरूरत थी। लेकिन अब भाजपा सक्षम है और हमें आरएसएस की जरूरत नहीं है। इसी बयान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संघ के कार्यकताओं के लिए बड़ा खतरा है क्योंकि भाजपा सत्ता में आने पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है। बता दें, इससे पहले पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने भी आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

**ठाकरे ने भाजपा से पूछा सवाल**

ठाकरे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री जैसे हमें नकली शिवसेना कहते हैं, वैसे ही वे कल को संघ को भी नकली कहेंगे।

ठाकरे ने पूछा कि संघ का पूरा कैडर आपको प्रधानमंत्री बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। आप उसी आरएसएस पर प्रतिबंध क्यों लगा रहे हैं। आप उसे क्यों खत्म करना चाहते हैं, जिसने भाजपा को जन्म दिया और भाजपा को राजनीतिक शक्ति दिलाई।



# प्रयागराज में माफिया राज का अंत कराया भाजपा सरकार ने : योगी आदित्यनाथ

## भाजपाइयों ने झोंकी ताकत, मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं में भरा जोश

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में जो विकास कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों के लिए शौचालय, आवास, सड़क, बिजली, पानी, गैस सिलेंडर, होली और दीपावली पर मुफ्त सिलेंडर आदि का लेखा जोखा जनता के सामने है।उत्तर प्रदेश दंगा और खौफ से मुक्त है।दिव्य और भव्य कुंभ के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को समर्थन देकर संसद भेजने का काम करें यही स्व0 केशरी नाथ त्रिपाठी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।यह बातें नहर कोठी करछना में शनिवार को आयोजित चुनावी जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही।उन्होने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। इस चुनाव में विपक्षियों के पास कोई मुद्धा नही है।केवल एक मुद्धा कि संविधान खतरे में है।2014 के पहले आतंकवाद,भ्रष्ट्राचार और भाजपा के बढ़ते जनाधार से गठबंधन में बौखलाहट मची है। मोदी सरकार में बिना जाति वर्ग और किसी भेदभाव के सरकार की योजनाएं जरूरत मंदों तक पहुंची है। प्रयागराज को पुलिस कमिश्नरेट बनाया।करछना के लोग जिस तरह से विधानसभा में आशिर्वाद बीते विधानसभा के चुनाव में दिया था इसबार भी अपना समर्थन देकर संसद में भेजने का काम करेगें।मंच पर पूर्व विधायक राजबलि जैसल,महेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली।इस मौके पर विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद पूर्व विधायक दीपक पटेल,कलेक्टर पांडेय,ब्लाक प्रमुख अनिल पटेल, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, विनय प्रताप सिंह, त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय, विभवनाथ भारतीज्ञान सिंह पटेल, रंगबली पटेल, रिंकू सिंह, दिलीप चतुवेर्दी, आनंद सिंह सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

## शुआट्स कैंपस सेलेक्शन में 68 को मिली सफलता

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में तीन कंपनियों इण्डिया मार्ट इन्टर मेश लि0, जुबलिएन्ट फूड वर्क्स और टैलेन्ट सर्व द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में 68 छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त हुई।

निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड प्लेसमेन्ट प्रो. डा. अशोक त्रिपाठी ने व्यावसायिक शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कंपनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राइव में एक्जीक्यूटिव क्लाइन्ट सर्विसिंग पद पर एमबीए एग्रीबिजनेस के तीन बच्चों का चयन इण्डिया मार्ट में हुआ। वहीं, बीटेक बायोटेक, बीएससी बायोटेक, बीटेक फूड टेक, बीएससी एग्रीकल्चर, एमबी एग्रीबिजनेस के 08 बच्चों का चयन जुबिनएन्ट फूड वर्क्स में ग्रेजुएट अप्रेन्टिस ट्रेनी के पद पर हुआ। डा. त्रिपाठी ने बताया कि टैलेन्ट सर्व द्वारा आयोजित ड्राइव में बीटेक एग्रीकल्चर, बीटेक कंप्यूटर साइंस, बीटेक फूड टेक, बीटेक मैकेनिकल, बीटेक डेयरी टेक, बीकाम, एमबीए, एमबीए एग्रीबिजनेस, एमएससी एग्रीकल्चर, एम.टेक कंप्यूटर साइंस के 58 बच्चों का चयन सफलतापूर्वक हुआ। डा. त्रिपाठी ने कहा कि कई राष्ट्रीयकृत कंपनियों के साथ वार्ता चल रही है जल्द ही अन्य कंपनियों द्वारा कैंपस साक्षात्कार आयोजित किये जाने की संभावना है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया।

## प्रतापगढ़ से बरामद हुई ट्रक लुटेरों की कार तमंचा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**बारा।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने ट्रक लूट की घटना में इस्तेमाल की गई कार को बरामद किया है। यह कार समीपवर्ती जनपद प्रतापगढ़ के सांगीपुर थाना क्षेत्र से बरामद हुई, जो एक वांछित लुटेरे के घर पर खड़ी थी। इसके अलावा शंकरगढ़ पुलिस ने तमंचा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि ट्रक लूट के प्रकरण में धारा 342, 395, 397, 412, 413, 414, 467, 468, 420, 120बी, 34 का केस दर्ज किया गया है। इस मामले की पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। इसी मामले की छानबीन के दौरान लूट में वांछित चल रहे अभियुक्त शकील पुत्र मोहम्मद इदरीश (निवासी असांव, सांगीपुर, लालगंज अझारा) के घर से एक स्विफ्ट कार (वढ70-एळ-1040) को बरामद किया गया। बरामद कार को कस्टडी में ले लिया गया है। वांछित की तलाश जारी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाने की टीम ने आधा दर्जन से मुकदमों में वांछित चल रहे अभियुक्त आशीष कुमार पुत्र स्व. रमेशचंद्र हरिजन (निवासी मोदीनगर, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी पटहट बैरियर पुलिया के पास से एसआई अंकुश कुमार ने अपनी टीम के साथ की। धरे गए आशीष के खिलाफ कीडगंज, जार्जटाउन, शिवकुटी, घूरपुर, नैनी, बारा और शंकरगढ़ थाने में विभिन्न मामलों के केस दर्ज हैं। शंकरगढ़ थाने के एसएसआई नवीन कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ मोहम्मद साहिल पुत्र जमाल अहमद (लखनपुर), निसार अली पुत्र मुनीर अली (लखनपुर), साहिबे आलम पुत्र मोहम्मद सफी (लखनपुर) और अंसार अली पुत्र मुनीर अली का धारा 151, 107, 116 में चालान किया है।

## न्यूज झरोखा

### नई पेंशन स्कीम में आने वाले शिक्षकों को मिलेगी ग्रेच्युटी



**प्रयागराज।** नई पेंशन स्कीम में आने वाले सभी शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों को ग्रेच्युटी मिलेगी। इसके पहले नई पेंशन स्कीम में आने वालों को ग्रेच्युटी मिलने का प्रावधान नहीं था। इसी तरह सीबीसीएस, स्टेटिस्टिक्स, मनोविज्ञान एनसी ईएमपी के 25 शिक्षकों की 2 वर्ष तथा गैर शिक्षक वर्ग के 269 कर्मचारियों की एक वर्ष की सेवा परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर सेवा स्थायीकरण को सहमति से दी गई। परीक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित और विद्वत परिषद से पारित होकर परीक्षा से जुड़े कार्यों के लिए मिलने वाले मानदेय में बदलाव को स्वीकृति दे दी गई। इसके अनुसार अब इन कार्यों के लिए बढ़ी दरों से मानदेय मिलेगा।बैठक में कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव के पिछले साढ़े तीन साल के में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार शुक्ल एवं डॉ. दीपाली पंत जोशी आदि रहे।

### दरियाबाद में रेप, मुम्बई में मुकदमा, अतरसुइया थाने से आरोपी को जेल

**प्रयागराज।** दरियाबाद में एक नाबालिग से शादी का झांसा देकर रेप करने का मामला सामने आया है। मुम्बई में पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज हुई और अतरसुइया पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि रानीमंडी निवासी हर्षवर्धन का किशोरी से प्रेम संबंध था। दोनों दस महीने तक रिलेशन में रहे। लेकिन इसके बाद हर्षवर्धन ने शादी से इनकार कर दिया। किशोरी घर से निकल गई। वह ट्रेन पकड़कर मुम्बई पहुंची। वहां पर जीआरपी ने पकड़ा और सीडब्ल्यूसी के हवाले कर दिया। बयान में किशोरी ने कहा कि उसके साथ हर्ष ने रेप किया था।जीआरपी ने एफआईआर दर्ज की और घटना स्थल प्रयागराज होने पर केस ट्रांसफर कर दिया। अतरसुइया पुलिस ने मामले की तफ्तीश की। किशोरी को बयान के लिए पुलिस मुम्बई से लाई। उसका मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद साक्ष्यों के आधार पर रविवार को आरोपी हर्षवर्धन को जेल भेज दिया,फिलहाल किशोरी वन स्टॉप सेंटर में है।

### सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में समर कैंप का समापन

**नैनी।** नैनी सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान के नैनी प्रयागराज में क्लास 3 से 12 तक के बच्चों का समर कैंप प्रातः काल 7 से 11 बजे तक चल रहा था,जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे योग, ताइक्वांडो, मेडिटेशन, स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट ,संगीत, डांस जैसे प्रमुख विषयों को रखा गया है। इस कैंप के समापन के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर कीडगंज के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर मिश्र, राजर्षि टंडन के असिस्टेंट प्रोफेसर अमित सिंह एवं शैलेंद्र जी ,योग प्रशिक्षक नीलम तिवारी द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय कराया तथा अतिथियों का सम्मान विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार मिश्र , विभूति नारायण सिंह, सुरेश्वर प्रसाद मिश्र, बनवाली लाल चौरसिया, वंदना श्रीवास्तव ,राधेश्याम तिवारी द्वारा किया गया। समर कैंप समापन के कार्यक्रम का संचालन सतीश शुक्ला, निशी शर्मा ने किया। छात्रों ने पिछले एक सप्ताह में जो भी सीखा था उसका प्रदर्शन सभी के सामने किया। इस मौके पर पर निकिता मिश्रा, अखिलेश कुशवाहा ,दिग्विजय पाल ,विजय कुमार मौर्य, प्रेम प्रकाश, चंद्रजीत यादव, प्रशांत त्रिपाठी, सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### पैसों के लेन देन को लेकर महिला से मार पीट पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के बालाडीह में पैसों के लेन-देन को लेकर महिला को गाली गुप्ता देते हुए मार पीट कर घायल कर दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र बालाडीह निवासिनी सुनीता देवी पत्नी उमेश कुमार के ससुर लाला राम अपनी जमीन गांव के तुलसीराम से पैतीस हजार रूपए में गिरवी रखे थे। महिला ने पूरा पैसा भुकतान करके उस जमीन को अपने देवर कमलेश कुमार, किशन, मुकेश व राज कुमार को अधिया पर देकर मुम्बई चली गई। शनिवार को वापस आने पर पैसे का हिसाब करने को कही तो देवरों ने हिसाब करने से इन्कार कर दिए। विरोध करने पर गाली गुप्ता देते हुए मार पीट कर घायल कर दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने देवरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सिख गुरु सिमरन सिंह का सहसों में स्वागत आज

**सहसों।** सिख गुरु एवं अंतर्राष्ट्रीय खालिस्तान विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु सिमरन सिंह का आज सहसों के दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर में जोरदार स्वागत किया जाएगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य तिवारीपुर व अधिवक्ता मनीष तिवारी के आवास पर आज सोमवार को सायंकाल 3 बजे आगमन हो रहा है। जिसमें सिख गुरु का प्रथम स्वागत नेशनल हाईवे सहसों पर किया जाएगा। वहां से उनको क्षेत्र पंचायत सदस्य के घर ले जाया जाएगा। जहां पर थोड़ी देर विश्राम के पश्चात वह दारागंज बंधवा स्थित लेटे हुए बड़े हनुमान जी का दर्शन व रात्रि विश्राम कर वापस पंजाब के लिए रवाना होंगें। उक्त जानकारी अधिवक्ता मनीष तिवारी के द्वारा दी गई है।

### किशोरी का वीडियो बनाने वाला युवक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** एक किशोरी का वीडियो बनाकर उसके साथ छेड़खानी करने के आरोपी युवक को धूमनगंज पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि राजरूपपुर निवासी कृष्णा वर्मा उर्फ राजा को पुलिस ने छेड़खानी, जान से मारने की धमकी देने और पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया। युवक ने एक किशोरी से दोस्ती की थी। मिलने जुलने के दौरान आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। इसके बाद वीडियो दिखाकर उसको धमकी दे रहा था।

### इविवि की अस्टिटेंट प्रोफेसर को कारण बताओ नोटिस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी बैठक में शनिवार को कई अहम निर्णय लिए गए। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में एक असिस्टेंट प्रोफेसर को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया।असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपशिखा सोनकर द्वारा स्पेशल लीव पिटीशन में उच्चतम न्यायालय द्वारा 13 मई को दिए गए फैसले में उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को सही माना। उच्च न्यायलय ने माना था कि विभागीय राजनीति के चलते बेबुनियाद मुकदमा दायर किया गया था। इस निर्णय का संज्ञान लेते हुए आज बैठक में निर्णय लिया गया कि डॉ. दीपशिखा सोनकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। दरअसल अर्थशास्त्र विभाग में प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने बीएचयू के कुलपति के कमरे से होकर जाने पर उनके कमरे के इस्तेमाल को लेकर शुरू हुए विवाद के क्रम में डॉ. सोनकर द्वारा मुकदमा दायर किया गया था।

# भाजपा की तानाशाह सरकार संविधान का गला घोंटने पर आमादा : अखिलेश यादव

## गठबंधन सरकार बनने पर महिलाओं के खाते में खटाखट हर महीने पैसे भेजने की गारंटी : राहुल गांधी

अखंड भारत संदेश







**करछना।** प्रयागराज इंडिया गठबंधन की आयोजित विशाल जनसभा करछना विधानसभा के मुंगारी में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। लाखों की भीड़ को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मा. अखिलेश यादव ने कहा कि निरंकुश भाजपा सरकार ने संविधान में उल्लिखित ताने-बाने को दस साल के कार्यकाल में निस्तझनाबूत कर दिया तथा संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों व आरक्षण को खत्म कर राम राज्य की दुहाई दे रही है। नौजवानों को बेरोजगार करने का रिकॉर्ड बनाकर अग्निवीर जैसी तुष्टिकरण की नीति को अपनाकर उनके भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो इनका ब्याज सहित हिसाब करेंगे तथा समाजवादी पार्टी के रुके हुए विकास कार्यों को अमली-जामा पहनाएंगे। तपती दोपहर की धूप में नौजवानों ने बीच-बीच में अखिलेश यादव जिंदाबाद समाजवादी पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष मा. राहुल गांधी ने उपस्थित जनसमूह से न्याय की गारंटी का वादा किया तथा महिलाओं को आश्वस्त किया की पेंशन की दुगनी राशि एवं किसानों को लाभकारी मूल्य देंगे। इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने दोनों अतिथियों को बुके देकर एवं भारी भरकम माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने कहा कि मै अपने पुत्र उज्जवल रमण सिंह को आपको सौंप रहा हूं। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, मेजा विधायक संदीप पटेल, पूर्व विधायकगण परवेज अहमद टंकी, रामकृपाल कोल, अनुग्रह नारायण सिंह, प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह, पूर्व प्रत्याशी रामदेव निडर तथा विधानसभा अध्यक्षगण करछना ननकेश बाबू, मेजा विजय राज सिंह, बारा भागीरथी बिंद, कोरांव सोमदत्त पटेल, शहर दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद अजहर ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन इंजी. जगदीश यादव व अरुण तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजू पासी, विनय कुशवाहा, राजकुमार यादव, जयशंकर भारती, मंगला प्रसाद पाल, महेंद्र सरोज, नीरेंद्र सिंह, दिनेश पटेल, शिव प्रसाद यादव, लल्लन प्रसाद यादव, सुग्रीव सिंह, अरुण यादव, शीतला प्रसाद, उमेश यादव सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन पंकज शुक्ल महाराज ने सुनाई महारास कंस बध एवं रुकमणी विवाह की कथा





### कठौली की श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं का उमड़ा जनसैलाब - भाग 5

**मेजा।** विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य यजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व मेंआयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शायं 4 बजे पांचवें दिन की कथा में महारास कंस बध एवं रुकमणी विवाह के प्रसंग की कथा मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी द्वारा सुनाई गई। इस दौरान कुलगुरू पंडित ओम तिवारी भी कथा में मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी साइंटिस्ट अमेरिका डा राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुरू होने के बाद शायं की उक्त कथा में बड़ी संख्या में उपस्थित गांव एवं अगल बगल गांव के श्रोतागण महाराज के श्री बचनों से सुना और काफी आनंदित हुए। कथा का नजारा ऐसा रहा कि मानों कठौली गांव श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा वृंदावन हो गई है श्रोताओं का तांता लगा रहा। उहोंने यह भी बताया कि अनवरत 9 दिनों तक जारी रहने वाली इस भागवत कथा के मुख्य श्रोता डॉ अनिल शर्मा अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा रहे। कथा का समापन देर शाम हुआ। शर्मा बंधुओ ने बताया कि छठवें दिन की कथा भगवान के सोलह हजार एक सौ सात विवाह की कथा सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा विश्राम पर आधारित होगी। भागवत कथा के इस पावन अवसर पर शर्मा बंधुओं ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कथा का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया है।

## ब्राह्मण समाज का हित प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी के हाथों सुरक्षित- डॉ राकेश धर त्रिपाठी



**प्रतापपुर।** एमजीएस निकेतन इंटर कॉलेज प्रतापपुर में रविवार को आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री डॉ राकेश धर त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण समाज एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद के साथ रहेगा और पांचों विधानसभा में सबसे अधिक प्रतापपुर विधानसभा, हंडिया विधानसभा के ब्राह्मणों की वोट विनोद बिंद को मिलेगा क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही ब्राह्मणों के सच्चे हितैषी हैं, ब्राह्मणों का मान सम्मान एनडीए सरकार में सुरक्षित है और रहेगा।अन्य विपक्षी दलों द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन के नाम पर ब्राह्मणों को रिझाने की कोशिश हो रही है यह वास्तव में हिंदू समाज को तोड़ने की भी कोशिश है। राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी लाभ लेने के लिए किए जा रहे जातीय सम्मेलनों पर निशाना साधा कहा कि ब्राह्मण समाज को हमेशा हाशिए पर रखने वाले विपक्षी राजनीतिक दल के लोग अचानक अपना प्यार लुटा रहे हैं यह बात समझ से परे है। आज तक इस समाज के हित में एक भी सकारात्मक कदम किसी विपक्षी दल ने नहीं उठाया। ब्राह्मण समाज एक ऐसा जागरूक समाज है, जो हमेशा निर्णायक भूमिका निभाता है समय निकल जाने के बाद इस समाज को धोखा देने वाले विपक्षी राजनीतिक दलों को आइना जरूर दिखाया जाना चाहिए। ब्राह्मण समाज स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है अपने हित के बारे में जागरूक है। प्रतापपुर, हंडिया विधानसभा के ब्राह्मणों से निवेदन है कि एक होकर डॉ विनोद कुमार बिंद को भदोही का सांसद चुनें ताकि क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो।इस अवसर पर एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार बिंद, अशोक दुबे, शारदा प्रसाद पाठक, डॉ पंकज त्रिपाठी, संजय मिश्र बनकटा, विजय शर्मा, प्रणव त्रिपाठी, हर्षित त्रिपाठी, अनिल द्विवेदी, कैलाश नाथ तिवारी, आशुतोष त्रिपाठी, कुशलेष दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में घनश्याम पांडेय ने किया जनसंपर्क



**जंघई।** डॉ विनोद कुमार बिंद भाजपा प्रत्याशी भदोही लोकसभा चुनाव क्षेत्र के समर्थन एवं मतदान करने की अपील करते हुए भाजपा नेता पूर्व विधानसभा प्रतापपुर प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने कहा कि जन जन से ठाना है मोदी सरकार तीसरी बार बनाना है, इसलिए बिना किसी संकोच के कमल के फूल निशान पर मतदान करके विनोद बिंद को भदोही का सांसद चुनें, मतदाता किसी भ्रम में न रहें क्योंकि आयेंगे तो मोदी ही, इसलिए क्षेत्र के सर्वाधिक सर्वांगीण विकास हेतु भदोही लोकसभा क्षेत्र से भी भाजपा का सांसद होना बहुत जरूरी है।विधानसभा प्रतापपुर के पिलखिनी, भूलेद्र, जंघई, बरेठी, मुगरसन, सोरों, भेलखा, समेत कई गांवों में भारतीय जनता पार्टी के भदोही लोकसभा प्रत्याशी डॉ.विनोद बिंद के समर्थन में घर घर जनसंपर्क एवं जनचौपाल आयोजित कर-के मतदाताओं से अधिक से अधिक भाजपा को मतदान करने की अपील इंजीनियर घनश्याम पांडेय एवं उनके समर्थकों द्वारा किया गया।इस अवसर पर ब्रह्मा तिवारी, डिंपी मिश्रा, नन्हें मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, बच्चन मिश्रा प्रधान, पिंटू मिश्रा प्रधान, निहाल पांडेय, विकास यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### ललितेश पति त्रिपाठी के समर्थन में कांग्रेसियों ने किया जनसंपर्क



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के सोरों, बरेस्ता, पढ़री, बेलों बाबूपुर, उगापुर, शुकुलपुर, पांडेयापुर, उग्रसेनपुर आदि गांवों में पूर्व मंत्री श्याम सूरत उपाध्याय के पुत्र कांग्रेस नेता शरद उपाध्याय मुन्ना के नेतृत्व में जनसंपर्क किया गया और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी को विजयी बनाने की अपील किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के शासन में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम पर है, शिक्षित नौजवान डिग्री लेकर बेरोजगार होकर दर दर भटक रहा है।भाजपा परिवारवाद, जातिवाद की परिभाषा अपने ढंग से बनाकर जनता को भ्रम में डालकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है। क्योंकि उसे अपने 10 वर्षों के कार्यों के विषय में बताने को कुछ है नहीं।प्रधानमंत्री मोदी जातिवाद का विरोध करते हैं स्वयं को पिछड़े वर्ग का महान नेता बताते हैं उनके दोहरे चरित्र का प्रमाण है। झूठ को सच बताना और सच को झूठ बताना विरोधी नेताओं के बयान को तोड़-मरोड़ कर बताना और उनकी खिल्ली उड़ाना प्रधानमंत्री की गरिमा पर प्रश्न चिह्न लगाता है। कांग्रेसियों ने लोगों से अपील किया कि भाजपा के बहकावे में ना आयें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर जितायें। इस अवसर पर शिवराम दुबे पूर्व प्रमुख पति, संतोष सिंह जिला महामंत्री, शीतला प्रसाद पाठक, जय प्रकाश पाठक, आनंद सिंह, विकास तिवारी, भोले मिश्रा, निर्मल पांडेय, गंगेश तिवारी, सुभाष यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# राहुल और अखिलेश की सभा में मची भगदड़, कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर डी घेरे के अंदर घुसे, कई घायल

अखंड भारत संदेश











**प्रयागराज।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा में हंगामा हुआ है। जनसभा में भगदड़ मच गई है। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए हैं। कई लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। जानकारी के अनुसार, पड़िला महादेव फाफामऊ में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में सपा और कांग्रेस के कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सभा मुखिया अखिलेश यादव को देखने के लिए भीड़ काबू हो गई। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए। कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए। इसके बाद राहुल गांधी और अखिलेश नाराज हो गए। कार्यकताओं की इस हरकत से नाराज होकर दोनों नेता बिना कुछ बोले ही चले गए। दोनों नेता मंच से चले गए। दोनों नेता हेलीकॉप्टर में बैठकर यहां से रवाना हो गए।

**अखिलेश को देखते ही बेकाबू हुई भीड़ :** प्रयागराज के फाफामऊ क्षेत्र में पड़िला में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य की जनसभा में रविवार की दोपहर भगदड़ मच गई। वहां मौजूद सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकताओं ने मंच के सामने डी की बैरिकेटिंग तोड़ दी। वहां कई लोग घायल भी हुए। इस दौरान तमाम कार्यकर्ता मंच पर भी पहुंच गए। वहां मंच पर मौजूद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी असहज हो गए। वह चुपचाप मंच पर लगी कुर्सी में बैठ गए। इस दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी वहां पहुंचे। मंच के सामने भीड़ जमा होने से दोनों नेता तकरीबन 15 मिनट तक बैठे रहे। फिर आपस में बातचीत कर दोनों वहां से चलते बने।पड़िला महादेव मंदिर के पास एक आम के बाग में सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य के समर्थन में सभा आयोजित थी। सभा स्थल पर सुबह से ही भीड़ आनी शुरू हो गई। दोपहर 1.20 बजे सबसे पहले अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर वहां पहुंचा। इस दौरान तमाम कार्यकर्ता पुलिस का घेरा तोड़ हैलीपैड तक पहुंचना चाह रहे थे, लेकिन बाद में पुलिस ने वहां से सभी को खदेड़ दिया। वहीं अखिलेश जब तक मंच पर पहुंचते तब तक वहां मौजूद सैकड़ों सपा समर्थकों ने मंच के पास डी पर लगी बैरिकेटिंग तोड़ दी।

**सैकड़ों कार्यकर्ता मंच तक पहुंचे :** अचानक सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मंच तक पहुंच गए। इस दौरान अखिलेश के साथ आए सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया। कुछ लोग जो मंच पर चढ़ गए थे, उन्हें वहां से किसी तरह उतारा गया। कार्यकर्ता डी घेरे से हटने को तैयार ही नहीं हुए। वहां सपा के साथ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कई बार हाथ जोड़कर वहां मौजूद भीड़ को पीछे हटने के लिए कहा, लेकिन कोई टस से मस नहीं हुआ। इस बीच वहां राहुल गांधी की इंट्री हुई तो कार्यकर्ता और उत्साहित हो गए।

**नेताओं ने समर्थकों पर लाठी चलाने से पुलिस को रोका :** डी घेरे पर मौजूद लोगों को हटाने के लिए वहां सुरक्षा कर्मियों ने डंडे भी चलाए, लेकिन मंच पर मौजूद नेताओं ने राहुल और अखिलेश की मौजूदगी में लोगों पर डंडा चलाने से मना कर दिया। बाद में राहुल और अखिलेश कुर्सी पर ही तकरीबन 15 मिनट बैठे रहे। बताया जा रहा है कि इस बीच वहां सुरक्षा कर्मियों ने दोनों नेताओं तक सूचना पहुंचाई कि यहां ज्यादा देर रुकना ठीक नहीं होगा। इसके बाद अखिलेश और राहुल सभा छोड़कर वहां से चले गए। बाद में दोनों का हेलीकॉप्टर एक-एक करके वहां से यमुनापार के मुंगारी के लिए रवाना हो गया। उधर, भगदड़ को लेकर आम आदमी पार्टी के महानगर अध्यक्ष मो. कादिर ने कहा कि पुलिस का इंतजाम वहां अच्छा नहीं था। अगर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित कर लिया होता तो भगदड़ जैसी स्थिति न आती।

**सुबह से ही आनी शुरू हो गई थी भीड़ :** पड़िला महादेव मंदिर के पास एक आम के बाग में सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य के समर्थन में सभा आयोजित थी। सभा स्थल पर सुबह से ही भीड़ आनी शुरू हो गई। दोपहर 1.20 बजे सबसे पहले अखिलेश यादव का हेलीकॉप्टर वहां पहुंचा। इस दौरान तमाम कार्यकर्ता पुलिस का घेरा तोड़ हैलीपैड तक पहुंचना चाह रहे थे। लेकिन बाद में पुलिस ने वहां से सभी को खदेड़ दिया। वहीं अखिलेश जब तक मंच पर पहुंचते तब तक वहां मौजूद सैकड़ों सपा समर्थकों ने मंच के पास डी पर लगी बैरिकेटिंग तोड़ दी। अचानक सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मंच तक पहुंच गए। इस दौरान अखिलेश के साथ आए सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया। कुछ लोग जो मंच पर चढ़ गए थे, उन्हें वहां से किसी तरह उतारा गया। अपने नेता को देखकर कार्यकर्ता उत्साहित हो गए। अचानक पीछे से आई भीड़ ने आगे खड़े लोगों को धकेल दिया। मौके पर पुलिस का वहां पर्याप्त इंतजाम नहीं था। इस वजह से वहां स्थिति बिगड़ी।

**– दान बहादुर मधुर, मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी**

## न्यूज झरोखा

### नैनी से मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पार्षद पहुंचे भारी संख्या में सभा स्थल पर



**नैनी।** नैनी करछना में चुनावी जनसभा में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के साथ अपना उद्बोधन शुसरू किया और विपक्ष में जमकर निशाना साधा। अपने 20 मिनट के अभिभाषण के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के बारे में भी बताया। सभा के संबोधन समाप्त होने पर उन्होंने जय श्री राम के उद्घोष कर लोगों का अभिवादन किया। भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में कमल के बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने को कहे है। वहीं नैनी से पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव अपने समर्थक के साथ भारी संख्या में सभा स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वही भाजपा कार्यकर्ता धर्मराज पटेल राज सिंह पिंटू जैन नैनी से भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नैनी बाजार में उज्जवल रमण सिंह का जनसंपर्क में स्वागत हुआ



**नैनी।** नैनी चक रघुनाथ शंकरढाल में कांग्रेस इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह का नैनी बाजार में जनसंपर्क हुआ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे वहीं उज्जवल रमण जिंदाबाद के नारे लगाए समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार ने माला पहनकर स्वागत किया समाजसेवी मंटू सिंह शशि शर्मा शंकरढाल ने कार्यकर्ता से मिलवाते हुए नैनी बाजार में व्यापारियों लोगों ने माला पहनकर उनका स्वागत किया वहीं राहुल जायसवाल संजय जयसवाल ने फूलों की वर्षा कराई वही बड़े संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे सुभाष चंद्र केसरवानी राजेश साहू वंश नारायण पांडे विनोद केसरवानी सपा कार्यकर्ता आशु सिंह नयन कुमार कुशवाहा विनय जायसवाल प्रदीप दादा राकेश शर्मा पिंटू विश्वकर्मा मोनू सिंह टुनटुन पांडे कुलदीप शर्मा विपिन प्रताप सिंह सुभाष गुप्ता मुनीम जी सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जागरण ग्रुप के कलाकारों ने भजनों के माध्यम से बांधा समां



**नैनी।** नैनी विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नैनी क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे के समीप स्थित ग्रीन गार्डन गेस्ट हाउस में आठवां भव्य विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें जागरण ग्रुप के कलाकारों ने सारी रात अपने भजनों के माध्यम से समां बांधे रखा। कार्यक्रम में तकरीबन आधा दर्जन से अधिक कलात्मक झांकियो को देखकर भक्तजन झूम उठे। शनिवार की रात में 10 बजे मां ज्वाला की ज्योति जलाई गई। इसके बाद पं0 आनंद शर्मा जागरण ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में भगवान गणेश वंदना, काली तांडव, शिव तांडव, राधा कृष्ण की झांकी, कृष्ण सुदामा की मित्रता एवं हनुमान जी की झांकी देख भक्तजन भाव विभोर हो गए। सारी रात कलाकारों ने भजनों के माध्यम से समां को बांधे रखा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राहुल जायसवाल, नैनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी, लाला केशरवानी, सुनील सेन, बच्चा शर्मा, सुनील जायसवाल, प्रिंस केसरवानी, अंकुर जायसवाल के अलावा क्षेत्र के तमाम व्यापारी एवं नागरिक मौजूद रहे।

## सांसद ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में किया दौरा, 90%मतदान की अपील



**प्रयागराज।** कांग्रेस के नेता अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने राहुल गांधी एवं कांग्रेस, इन्डिया गठबंधन की संयुक्त जनसभा को सफल बनाने के लिए इलाहाबाद कांग्रेस,गठबंधन उम्मीदवार कुंवर उज्ज्वल रमण को जिताने के लिए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों मे दौरा किया।नुक्कड़ सभा के माध्यम से सयुंक्त जनसभा को सफल बनाने की अपील की।सांसद कुंवर दानिश अली हजरत शाह मुहिबउल्लाह इलाहाबादी दादा मियां के खानखाह के सज्जादा नशीन अली मियां के आवास बड़ा दायरा बहादुरगंज भी पहुंचे। हजरत शाह मुकर्रब उल्लाह अली मियां से मुलाकात की तथा उनके आवास पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कुंवर दानिश ने कहा कि आप लोग सयुंक्त जनसभा को सफल बनाने के साथ साथ आप लोग 25 मई को होने वाले मतदान मे इलाहाबाद कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण को भारी मतों से जिता कर लोकसभा भेजे यही नही आप लोगों से गुजारिश है कि आप लोग 90%मतदान कराने की जिम्मेदारी ले उस दिन मतदान करके घर न बैठे बल्कि मुहल्ले मुहल्ले से मतदान का प्रतिशत ज्यादा से हो, इस पर आप लोगों का फोकस हो यही हमारी आप लोगों से गुजारिश है।उन्होंने कहा कि इस समय कांग्रेस, गठबंधन की लहर है,कांग्रेस इन्डिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है जिसमें इलाहाबाद का प्रतिनिधितत्व जरूरी है।मौके पर तन्मय सौरभ चटर्जी अधिवक्ता प्रदेश महासचिव(यूपी पूर्वी) यूथ कांग्रेस,मोहम्मद फारूकी, उसैद फारूकी, मोहम्मद सादिक, जावेद खान, सैफ पठान, शुभ जायसवाल,विजय शंकर पाण्डेय, मुज्तबा फारूकी, मुबरिज फारूकी,जावेद उर्फी,इरशाद उल्ला, अनस हाशमी,आमिर कुरैशी, कादिर सिददीकी,मोहम्मद अली, अहमद अजीज, मुस्तकीम सिददीकी, इकराम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव से तय होगा देश का भविष्य : अमित शाह

## मेजा के सोरांव गांव में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में उमड़ा जनसैलाब, गरजते भाजपाइयों ने कहा अबकी बार होगा चार सौ के पार का लक्ष

अखंड भारत संदेश








**मेजा।** लोकसभा का चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। देश को आतंकवाद नक्शल वाद गरीबी तथा देश को सुरक्षित करने के साथ साथ महान भारत की संरचना करने का चुनाव है। हमारे भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के नाम के सामने कमल के फूल का निशान है और कमल के निशान की बटन दबाएंगे तो नीरज त्रिपाठी सांसद बनेंगे। कमल के निशान पर दबाया गया बटन पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का काम करेगा। पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का अर्थ है भारत को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थ तंत्र बनाना है। उक्त उद्गार भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को प्रयागराज के मेजा तहसील स्थित सोरांव गांव में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में उपस्थित जनसैलाब को संबोधित करते हुए व्यक्ति किया।

उल्लेखनीय है कि दोपहर करीब एक बजे के आस पास जैसे ही श्री शाह हेली पैड पर पहुंचे जय श्रीराम और मोदी योगी के नारों से पूरा प्रंगड़ गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात जनसभा में दूर दराज क्षेत्रों से कड़कड़ाती धूप में उमड़े जनसैलाब को नमर कर संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार तीन लाख गांवों में बेंडियो की व्यवस्था कर भारत को सुरक्षित बनाया है। उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि कश्मीर हमारा है हमारा रहेगा इसके प्रयागराज के युवा ही नहीं पूरे देश के युवा अपनी जान देने के लिए तत्पर हैं। गृहमंत्री श्री शाह ने इस मुद्दे पर फारूक अब्दुल्ला एवं कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस 70 वर्षों से धारा 370 बचाए रखा था जनता ने मोदी जी पीएम चुना और मोदी जी 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया। जिसका काफी विरोध कांग्रेसियों द्वारा किया गया और कहा गया कि कश्मीर से धारा 370 को हटाओगे तो खून की नदियां बहेगी। शाह ने कहा राहुल बाबा खून की नदियां छोड़ो किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं है। गौरतलब है कि जनसभा में उमड़ी भीड़ को देख गदगद हुए गृहमंत्री ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने आतंकवाद से देश को मुक्त कराने का ऐतिहासिक कार्य किया है। शाह ने कहा सोनिया और मनमोहन सिंह की 10 वर्ष की सरकार में बम धमाके होते रहे। मोदी सरकार में पाकिस्तान ने पुरी और पुलवामा में आतंकी हमला किया जिसे मोदी जी ने सर्जिकल इस्ट्राइक पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया कर दिया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह यही नहीं रुके उन्होंने प्रयागराज के लोगों से कहा यह कुंभ का क्षेत्र है विरासत की भूमि है यहां भाजपा सरकार द्वारा निषाद पार्क व भारद्वाज आश्रम को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने लेटे हनुमान मंदिर के सामने भव्य कारीडोर का कार्य होने की बात कही। शाह आगामी 2025 में कुंभमेला में पूरे देश के लोगों के आने पर प्रयागराज वासियों को तैयार रहने के लिए कहा। उन्होंने इंडिया एलायंस गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा यह भारत देश कोई परचून की दुकान नहीं है बेटी और बेटों तथा परिवारवाद की राजनीति करने वाले लोग पीएम बनेंगे। देश को मोदी जैसा 56 इंच सीना वाले पीएम की आवाएकता है जो पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे सके। उन्होंने मुस्लिम महिलाओं के तीन तलाक और मुस्लिम आरक्षण पर भी चर्चा किया। इसके अतिरिक्त युवाओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि बेटी बेटा की राजनीति करने वाले लोग अपने अलावा युवाओं का भला हित क्या कर पाएंगे युवाओं का हित सिर्फ और सिर्फ भाजपा में ही निहित है जिसके लिए पीएम मोदी प्रयत्नशील हैं। इतना ही नहीं प्रयागराज के विकास के लिए उन्होंने पूर्व सांसद डा रीता बहगुणा जोशी की जमकर प्रसंशा किया और प्रयागराज में हुए विकास कार्यों को प्रमुखता से गिनाया साथ ही साथ हाईकोर्ट प्रांगड़ में युवाओं के लिए ला युनिवर्सिटी का कार्य भी प्रगति पर होने की बात कही। श्री शाह ने केवल प्रयागराज में एक लाख पचपन हजार लोगों को घर पांच लाख अस्सी हजार लोगों को गैस सिलेंडर छः लाख पचास हजार लोगों को नल से जल आठ लाख लोगों को शौचालय तथा आठ लोगों को राशन देने के अलावा कई अन्य उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने राममंदिर पर भी विस्तार से टिप्पणी दिया। और विपक्ष पर निशाना साधा कहा कांग्रेस और सपा 70 सालों तक मंदिर निर्माण को रोक रखा था। पीएम मोदी दूसरी बार पीएम बने केस भी जीते भूमि पूजन भी किया और 24 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की किए। उन्होंने उपस्थित भीड़ को बताया की मोदी जी न केवल मंदिर बनाया बल्कि औरंगजेब का तोड़ा हुआ काशी विश्वनाथ का दरबार भी सजाया है। उन्होंने शोमनाथ का मंदिर सोने से निर्माण होने की बात कही। साथ में यह भी कहा एक ओर कार सेवकों पर गोली चलवाने वाले लोग हैं दूसरी ओर मंदिर बनवाने वाले दोनों के बीच चुनाव है। उन्होंने कहा 2017 में भाजपा की सरकार बनने पर योगी जी प्रदेश से गुंडों को चुन चुन कर सफाया किया है। अंत में उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है। देश को आतंकवाद नक्सलवाद गरीबी तथा महान भारत देश को सुरक्षित एवं संरचना करने का चुनाव है। इसके लिए उन्होंने भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाने की अपील उपस्थित जनसमुदाय से किया और उनके समर्थन में जोरदार नारा लगवाते हुए अबकी बार चार सौ के पार के लक्ष को प्राप्त करने हेतु अधिक से अधिक मतदान कर व कराने की भी अपील किया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद कुमार नंदी पूर्व सांसद डा रीता बहगुना जोशी यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति पूर्व विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल डा केपी श्रीवास्तव करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद पूर्व विधायक कलेक्टर पांडेय विनय शुक्ला विनोद विश्वकर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा मुन्नन शक्ल आदि के अलावा कई अन्य भाजपा नेता प्रमुख रूप से जनसभा को संबोधित किया।

# कांग्रेस व सपा लगाना चाहती है जजिया कर: सीएम

## रामपुर खास के नयापुरवा में योगी को सुनने उमड़ी भीड़, राम नाम सत्य की यात्रा में चले गए हिंदू पर्व के दंगाई


कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### चिलचिलाती धूप में अपार भीड़ देख गदगद दिखे सीएम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीएम योगी इस चिलचिलाती धूप में अपार भीड़ देखकर गदगद दिखाई दिए। अपरान्ह 2:15 पर आए सीएम ने 25 मिनट के भाषण में जनता को झूमने पर मजबूर कर दिया। चारों तरफ योगी-योगी के नारे सुनकर कहा कि यह जनता का प्यार है। यही जनता राम विरोधियों की जमानत जब्त करेगी।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस व सपा का गठबंधन देश में औरंजेब का जजिया कर लगाना चाहती है। कांग्रेस धार्मिक आरक्षण की बात कर रही है और वही सपा कांग्रेस की बारात में बजनिया की तरह है। उक्त बातें प्रदेश के सीएम योगी ने रामपुर खास के नयापुरवा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

सीएम ने कहा कि जब भी सपा और कांग्रेस का गठजोड़ हुआ है तब अनर्थ ही हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि व उज्जवला योजना समेत केंद्र की कई योजनाओं को भी गिनाया। सीएम ने कांग्रेस के साथ ही सपा पर खूब जमकर बरसे। कहा कि दोनो दलों की विचार धारा एक है। देश की संस्कृति को बचाना है तो 25 मई को कमल की बटन दबा कर संगम लाल को जीता कर मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनाएं। कांग्रेस व सपा की सरकार में कुछ बिरादरी के लोग होली, दीपावली व शिवरात्रि पर्व पर दंगा करते थे, अब वह राम नाम सत्य की यात्रा में चले गए। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता, सादर विधायक राजेंद्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, नागेश सिंह छोटे सरकार, राजकुमारी रत्ना सिंह, कुलवंत सिंह, प्रतिभा शुक्ला, पूनम इंसान, सारिका श्रीवास्तव समेत बीजेपी नेताताओं सीएम का भव्य स्वागत किया।

# सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं सामूहिक भोज: कुंवर शिवराज सिंह

### भण्डारे में विश्वकर्मा समाज के लोगों का उमड़ा हुजूम

**अखंड भारत संदेश**


भण्डारे में शामिल बेंती के बड़े व छोटे युवराज।

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बदलावन का पुरवा मे राम सुमेर विश्वकर्मा के यहां शुक्रवार को हुए भंडारे में विश्वकर्मा समाज के लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां सामाजिक एकता की झलक के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की दावत प्रबंधन कला और सांस्कृतिक रिवाजों का भी उदाहरण देखने को मिला। प्रातः से ही यहां जनपद के अनेक स्थानों से लोगों का आगमन शुरू हो गया था। दोपहर बाद समाज के उत्थान को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भीड़ इतनी बढ़ गई कि बैठने के लिए जगह कम पड़ गई।

कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के सुपुत्र कुँवर शिवराज सिंह व कुँवर ब्रजराज सिंह का समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान कुँवर शिवराज सिंह ने कहा कि सामूहिक भोज सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। इनके आयोजनों से आपस में प्रेम, सौहार्द व भाईचारा बढता है। यह हमारे समाज की प्राचीन परंपरा भी है। इन्हें बनाए रखने की हम सबकी जिम्मेदारी है। कुंवर ब्रिज राज सिंह ने कहा सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम हमारी प्राचीन परंपरा का अहम हिस्सा है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में आपसी एकता व भाइचारे को बढ़ावा मिलता है। समाज के संरक्षक श्यामलाल विश्वकर्मा ने कहाकि इस चिलचिलाती धूप में भी इतनी बड़ी संख्या मे समाज के लोगों का एकत्रित होना बता रहा है कि अब विश्वकर्मा समाज के लोग जाग चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष जुगनू विश्वकर्मा ने कहा कि समाज में सद्भावना की ज्योति से ही एकता और शांति की स्थापना हो सकती है। इसीलिए भौतिक उन्नति के साथ समाज में शांति, एकता, आपसी सौहार्द और भाईचारे की भी नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम को सेवानिवृत्त शिक्षक लक्ष्मी नारायण, विनोद विश्वकर्मा गुरुजी, संदीप विश्वकर्मा, अमर बहादुर विश्वकर्मा, प्यारे लाल आर्य, सुनील दत्त विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा आदि ने संबोधित किया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 10 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसमे भारी संख्या मे महिलाये शामिल रही।

# कुण्डा व बाबागंज के 729 बूथों के लिये पोलिंग पार्टियां रवाना

## सभी मतदान केन्द्रों पर पीएसी व पंजाब पुलिस तैनात

**अखंड भारत संदेश**


एटीएल ग्राउण्ड से बस्ता लेकर जाती पोलिंग पार्टियां।

**प्रतापगढ़।** कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र के कुण्डा व बाबागंज विधान सभा क्षेत्रों में 20 मई को होने वाले मतदान के लिये आज शहर के समीप एटीएल ग्राउण्ड से पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। सोमवार को कुण्डा व बाबागंज के 719 बूथों पर 693344 मतदाता अपने मतों का प्रयोग प्रातः सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक करेंगे।

बता दें कि कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में कौशाम्बी की तीन विधान सभा क्षेत्र तथा प्रतापगढ़ की दो विधान सभा क्षेत्र कुण्डा व बाबागंज शामिल हैं। कुण्डा में 373 बूथों पर 327407 मतदाता और बाबागंज विधान सभा क्षेत्र में 346 बूथों पर 365942 मतदाता के वोट देने की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। संवेदनशील बूथों पर विशेष सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। वैसे कुण्डा व बाबागंज के सभी मतदान केन्द्रों पर पीएसी तथा पंजाब पुलिस तैनात की गई है। आज एटीएल ग्राउण्ड से बड़ी संख्या में छोटी व बड़ी गाड़ियों से पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। पुलिस प्रशासन ने देर शाम तक वाहनों की डीजल पर्ची के साथ लाक बुक वितरित किया। जिलाधिकारी संजीव रंजन और पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल आज एटीएल में मतदान पेटियों की रवानगी की व्यवस्था देखने के लिये कई मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।

# जनविरोधी और तानाशाही नीतियों का जवाब दे जनता: डा0एसपी पटेल

### इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में विधायक मोना ने किया जनसम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**


विधायक मोना के साथ जनसम्पर्क करते डा0 एसपी पटेल।

**प्रतापगढ़।** लोक सभा चुनाव के मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल के साथ आराधना मिश्रा मोना (विधायक रामपुर खास) ने इंडिया गठबंधन के समर्थन में गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान की गति तेज कर दी है।

रविवार को गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ जिले के रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के भैसना, सांगीपुर, सुजाखोर, उदयपुर, रेहुआ लालगंज, राहा टीकर, उदयपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। डॉ पटेल ने मतदाताओं को अंतिम समय में विशेष जागरूक रहने की जरूरत बताते हुए कहा कि जन विरोधी और ताना शाही नीतियों का जवाब देने का समय आ गया है। हमें इण्डिया गठबंधन को जिता कर हमें देश में संविधान व लोकतंत्र की रक्षा करनी है। जनसम्पर्क के दौरान आराधना मिश्रा मोना (विधायक रामपुर खास), कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी, मुन्ना शुक्ला, बान लोधी प्रधान, प्रमुख जी, जगन्नाथ यादव, बद्री जायसवाल, अमरदीप बेदर्दी, जय सिंह प्रधान, विनोद सिंह (पूर्व प्रधान), प्रधान यादव, नीरज सिंह, जगदीश (पूर्व प्रधान), बबलू पाल, अनूप कुमार, राहुल वर्मा, उदय सरोज आदि लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर विधानसभा पट्टी विधायक राम सिंह पटेल ने पट्टी विधानसभा के अंतर्गत ब्लॉक पट्टी क्षेत्र के सुधेमऊ, नादी (हटवा), बसौली, कंजा (सराय) सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल को जिताने की लोगों से अपील किया। इस मौके पर पट्टी विधानसभा अध्यक्ष आर. के. भीम, पप्पू भैया, प्रमोद पटेल, कैलास सिंह, आशीष पटेल, प्रेम पटेल, जगलाल पटेल, राज कुमार सरोज, पुष्कर पटेल, शलभ गुप्ता, प्रदुम गुप्ता, इंद्रजीत, अमरजीत, शिवधारी यादव, कृष्ण पाल, अशोक प्रजापति, राम अभिलाष पटेल, राज बहादुर, अजय यादव, संजय यादव, ओम कार यादव, अच्छन, कलीम, सिराज, गुलफान, सद्दाम, आसिफ, आफताब, अब्दुल, शाहबाज़, अनस, महताब आलम, अब्दुल, रतीफ, नाजिम अली, देवी प्रसाद वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में पूर्व एमएलसी कान्ति सिंह पटेल ने भी चिलबिला, प्रतापगढ़ स्थित कार्यालय पर लोगों से जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन, सहयोग आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता सुशील कुमार ने विधानसभा प्रतापगढ़ में गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान में शामिल होकर गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। रानीगंज विधानसभा के अंतर्गत पृथ्वीगंज, चंधईपुर, देल्हूपुर, गम्भीरपुर, सांडिरा, धनायार, बुढौरा, थाहिपुर आदि गाँव में आयोजित समाजवादी जन चैपाल में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉव एसपी सिंह पटेल को जिताने की अपील की गई। इस दौरान हर्षित पटेल, राजू पटेल, मेहताक भाई, संजय यादव, कौशलेन्द्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह प्रधान, अल्ताफ मास्टर, मैहसर, हकीम भाई, सगीर अहमद, अनिल यादव, सुनील विश्वकर्मा, के. के. मौर्या प्रधान, कलाकर प्रजापति, इकरार अहमद, रईस प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

# नामांकन बढ़ाने हेतु साझी रणनीति अपनाएं शिक्षक: प्राची पांडे


कम्पोजिट विद्यालय टेउंगा में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं।

### न्याय पंचायत सगरा की संकुल बैठक में दीक्षा एप पर हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर सगरा न्याय पंचायत की संकुल बैठक कंपोजिट विद्यालय टेऊंगा में आयोजित हुई जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रभावी कक्षा-शिक्षण के साथ ही क्रियाशील पुस्तकालय एवं रीडिंग कार्नर का नियमित उपयोग करने के तौर तरीकों पर विचार विमर्श किया। कंपोजिट विद्यालयों में मीना मंच के गठन एवं संबंधित निर्धारित गतिविधियों पर चर्चा हुई।

दीक्षा एप पर कोड स्कैन करने व दीक्षा पाकेट बुक के प्रयोग एवं प्रस्तुतीकरण पर चर्चा हुई। अपने आसपास के लोगों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। नोडल संकुल प्राची पांडे ने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं ग्रीष्मावकाश में अभिभावकों के संपर्क में रहें और दीक्षा ऐप के माध्यम से बच्चों का शिक्षण करते रहने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें। विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने हेतु साझी रणनीति अपनायें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका शालिनी श्रीवास्तव ने की। बैठक में रेखा सिंह, सुषमा देवी, पूनम सिंह, अरुण कुमार तिवारी, अनीता मिश्रा, हरिशंकर, पुष्पा मिश्रा, सुधा तिवारी, रुपेश तिवारी, नीलम पाल, अश्विनी, भानु प्रकाश, सुधाकर, अर्चना तिवारी, पूजा, रिचा, कामना, रश्मि, मंजू अलका, प्रियंका, रीना, सुनीता अर्चना, शैलेंद्र, माधुरी, संगीता अंजू, श्रुति, रंजना, पूनम सहित 55 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# रिहायशी छप्पर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख


आग को बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रिहायशी छप्पर में अचानक आग लगने से छप्पर के नीचे रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि तीन दिन पूर्व गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था जिसके चलते आज आग लगा दिया गया। कंधई थाना क्षेत्र के रखहा गांव निवासी कृष्ण कुमार सिंह ने घर के सामने रिहायशी छप्पर बनाया है जिसमें घरेलू सामान रखा जाता है। रविवार की सुबह पांच बजे के करीब अचानक छप्पर में आग लग गई तथा अंदर रखी चारपाई, बिस्तर, अनाज सहित अन्य घरेलू सामान धूं धूंकर जलने लगे। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित कृष्ण कुमार सिंह का आरोप है कि तीन दिन पूर्व गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था जिन्होंने आज आग लगा दिया। पीड़ित ने गांव के तीन लोगों को नामजद करते हुये कंधई पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# रूरल बार एसोशिएसन ने प्रतापगढ़ व कौशाम्बी में सपा को समर्थन का किया ऐलान

### अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पर भाजपा की केंद्र सरकार पर अनसुनी पर जताया गुस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों की शनिवार को कलेक्टेट्रट परिसर में आम सभा हुई। आम सभा में एसोशिएसन ने भाजपा सरकार द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक न लाए जाने को लेकर कडी नाराजगी जतायी।

बैठक में पारित प्रस्ताव के तहत प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से प्रमुख विपक्षी दल इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल व कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र से गठबंधन प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज को चुनावी समर्थन दिये जाने का ऐलान किया गया। बैठक का संयोजन करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि एसोशिएसन द्वारा लगातार मांग के बावजूद भाजपा की केंद्र सरकार ने संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू नही किया। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ ओझा मुक्कू ने कहा कि प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता तथा कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा व कल्याणकारी योजनाओं के बाबत संसद के किसी भी सत्र में आवाज नहीं उठायी। संचालन करते हुए जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने कहा कि सपा के प्रतापगढ़ प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल व कौशाम्बी से सपा प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सरोज ने अधिनियम के साथ कल्याणकारी योजनाओं पर संघर्ष में सहयोग का भरोसा दिलाया है। उन्होने बताया कि एसोशिएसन द्वारा अब दोनों संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सपा प्रत्याशियों के लिए अधिवक्ताओं का समर्थन जुटाया जाएगा। इस मौके पर सचिन्द्र सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, शक्ति सिंह, आसिफ सिददीकी, मनोज कुमार, शिवम सिंह, अमजद, सददाम, प्रणव त्रिपाठी, नरसिंह यादव, महेश शुक्ला, दिनेश सिंह, लालगंज इकाई अध्यक्ष सुमित त्रिपाठी, कुंडा तहसील अध्यक्ष वैभव पाण्डेय तथा पटटी तहसील अध्यक्ष रवि सिंह समेत आदि अधिवक्ता रहे।

# मायावती ने सियासी समीकरण बदला, अब होगी त्रिकोणात्मक लड़ाई

### सियासी धुरंधर अपने-अपने पाले में लाने के लिये ताबड़तोड़ कर रहे रैलियां

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन के रोड पर शुक्रवार को बसपा सुप्रीमो मायावती की सभा में उमड़ी भीड़ ने जिले के सियासी समीकरण को बदल दिया है। इसके अलावा सर्व समाज के नाम पर प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में ब्राहमण कार्ड खेलने के बाद यहां की सभा में उन्होंने ब्राहमणों के उत्पीड़न का मामला भी जिस तरह से सभा में उठाया, उससे लगता है कि इस संसदीय क्षेत्र में ब्राहमणों का मत ब्राहमण प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र को दिलाना चाह रही हैं। इस बार प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में भाजपा और सपा की सीधी लड़ाई को मायावती ने त्रिकोणात्मक बना दिया है। मायावती के विश्वनाथगंज की सभा में भीषण गर्मी के दौरान उमड़ी भीड़ ने यह साफ कर दिया है कि अब यह लड़ाई त्रिकोणात्मक हो गई है। इस लड़ाई में भाजपा प्रत्याशी से नाराज लोग भी बसपा के साथ जुड़ रहे हैं। बसपा प्रत्याशी प्रथमेश सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं। वह बड़ी चालाकी से जनता के बीच में महंगाई, बेरोजगारी व परेशानी से झेल रहे लोगों से मिल रहे हैं और कांग्रेस व सपा की नीतियों को ढुल-मुल बताते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे सवर्ण समाज का उत्पीड़न का मामला सामने उभरकर आया है। इसके अलावा कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह की गृह मंत्री अमित शाह से भेंट के बाद कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर का राजा भइया के घर जाने के बाद भी राजा भइया ने किसी को समर्थन न देने का फैसला किया। इससे भी भाजपा को गहरा झटका लगा है। इससे ठाकुर मतदाता भी भाजपा के पक्ष में कम ही रह गये। प्रतापगढ़ जनपद में राजघरानों का भी राजनीति में बोलबाला रहा है। प्रतापगढ़ किले के राजा अनिल प्रताप सिंह ने अपनी करोड़ों की सम्पत्ति आरएसएस को दान दिया है। उनका प्रधानमंत्री की सभा में न रहना एक अलग संदेश देता है। इससे लगता है कि ब्राहमण ठाकुर जो भाजपा के मूल वोटर हैं, इस बार अपनी उपेक्षा से क्षुब्ध होकर शायद भाजपा का साथ न दे पाएं। इस सियासी गणित में अपनी ओर आकर्षित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, बसपा सुप्रीमो मायावती प्रतापगढ़ आ चुकी हैं। कल रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रमोद तिवारी के गढ़ में जा रहे हैं जिससे वह कुछ मत अपनी ओर ला सकें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, कोहराम

### बारात से ससुराल वापस आते समय हुई घटना

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** देर रात बारात से वापस ससुराल आते समय बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी सुबह परिजनों को हुई तो वह घटनास्थल पर पहुंचे। और इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के बरहूपुर गांव के रहने वाले जयप्रकाश वर्मा (35) वर्ष पुत्र भारत वर्मा चार दिन पूर्व चंडीगढ़ से साले की शादी में सम्मिलित होने के लिए आया हुआ था। शनिवार को कंन्जा गांव से साले की बारात में गया हुआ था। वहां से देर रात वह अपनी बाइक से ससुराल वापस आ रहा था। अभी वह बरहूपुर इंटर कॉलेज के समीप पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। सुबह लोग उधर से गुजर रहे थे युवक को देख कर उसकी पहचान कर उसके घर वालों को सूचना दी। सूचना के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मृतक जयप्रकाश के बेटा अंश 8 वर्ष, राज 11 वर्ष पत्नी निशा, का घटना को लेकर रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# आज आएंगे सपा के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल व राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा प्रतापगढ़ आएंगे और इण्डिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ.एस.पी. सिंह पटेल के समर्थन में ग्राम सभा विक्रमपुर (पूरेबान) बेलखरी रोड, मोहनगंज, प्रतापगढ़ में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने दी।









# कौशाम्बी सुरक्षित लोकसभा के लिए मतदान आज, रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** लोकसभा में पांचवे चरण में 20 मई को कौशांबी लोकसभा सुरक्षित सीट में मतदान होना है,जिसके लिए ओसा नवीन मंडी से रविवार को पोलिंग पार्टियां रवाना हुई है प्रशासन ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है।भाजपा सपा बसपा समेत कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।इस बार के चुनाव में 19 लाख 4 हजार 466 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।जिसमे पुरुष मतदाता 10 लाख 9841, महिला मतदाता 8 लाख 94 हजार 459 एवं 166 अन्य मतदाता हैं। लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए 1176 मतदान केंद्र एवं 1996 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

**लोकसभा चुनाव का पांचवा चरण**

**लोकसभा चुनाव में 19 लाख 4 हजार 466 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे**

**लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए 1176 मतदान केंद्र एवं 1996 मतदेय स्थल बनाए गए हैं**



कौशांबी लोकसभा सुरक्षित के 5 विधानसभा में सिराथू में 3 लाख 86 हजार 916, मंझनपुर में 4 लाख 27 हजार 705 एवं चायल में 3 लाख 99 हजार 202 मतदाता है प्रतापगढ़ जनपद के बाबागंज में 3 लाख 26 हजार 171, कुंडा में 3 लाख 64 हजार 472 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग 20 मई को करेंगे कौशाम्बी सुरक्षित लोकसभा सीट की पांच विधानसभाओं में मतदान होना है, कौशाम्बी की तीन विधानसभा सिराथू,चायल एवं मंझनपुर में मतदान होगा,वही प्रतापगढ़ जिले की कुंडा एवं बाबागंज विधानसभा में भी मतदान होगा। प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है और पोलिंग पार्टिया मतदान केदो के लिए रवाना हो चुकी हैं।

# अखबार नहीं कार्यालय नहीं जिले में खबर नहीं फिर भी जारी हो गए मीडिया पास

**अखंड भारत संदेश**

**सहायक सूचना अधिकारी के पक्षपात से पत्रकार संगठन में जबरदस्त आक्रोश**

**लोकसभा चुनाव में तमाम पत्रकारों को कार्ड ना जारी कर जनता को सच्चाई से दूर रखने का प्रयास**

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव को पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की बात करने वाले प्रशासन ने चुनाव के दौरान तमाम पत्रकारो को दूर रखने की कोशिश की है जिन लोगों का जिले में अखबार कार्यालय नही हैं जिनका अखबार नहीं है जिनकी पूरे साल अखबार में खबर नहीं रहती है उन्हें भी मीडिया पास जारी कर दिया गया है इतना ही नहीं तमाम ऐसे लोगों को पास जारी किया गया है जिसके ऊपर गंभीर धाराओ में पहले से मुकदमे पंजीकृत है आनन फानन में संस्थाओं से नियुक्ति पत्र मंगवाकर के तमाम लोगों को मीडिया पास जारी कर दिया गया है कौशांबी में मीडिया पास बनाने में की गई मनमानी से तमाम पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है।

जनपद कौशांबी में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में जिले स्तर के पत्रकारों के साथ सूचना विभाग द्वारा उपेक्षा की गई है सूचना अधिकारी की जिले में तैनाती नहीं है और सहायक सूचना अधिकारी मनमानी पर उतारू है जिससे वरिष्ठ पत्रकारों को भी मीडिया पास से वंचित रखा गया और यह बताया जाता था कि चुनाव आयोग से मीडिया पास बहुत कम संख्या में भेजे गए हैं जिससे हर अखबार से या चैनल को मीडिया पास नहीं दिए जाएंगे वहीं पर मीडिया पास बनाने के लिए सूचना विभाग में कुछ लोग वहां बैठे रहते है पूरे साल कोई मतलब नहीं रहता है किंतु जैसे ही मीडिया पास बनाने का समय आता है वैसे ही साइबेरियन पक्षी की तरह सूचना विभाग की कुर्सी पर बैठे दिखाई देने लगते हैं और यहीं पर ठंडा चाय गरम की मेजबानी होने लगती है इस बार सहायक सूचना अधिकारी कौशांबी ने कोई भी विज्ञप्ति जारी नहीं किया कि किस दिन मीडिया पास के लिए फोटो या संस्थान का लेटर जमा करें जिससे लोग आशा लगाए रहे केवल अपने खास खास लोगों को फोन पर सूचित करके उनको बुलाकर उनकी फोटो जमा कर लिया गया जबकि जिला सूचना कार्यालय से प्रतिदिन अखबारों को खबर प्रकाशित करने के लिए भेजी जाती है और उन अखबार वाले उनकी पूरी खबर को प्रमुखता से अखबार में प्रतिदिन लगाते हैं किंतु मीडिया पास के दिन यह उसे भूल कर केवल कुछ लोगो तक सीमित रह जाते हैं यही कहते पाए गए कि जिलाधिकारी ने मीडिया पास बनाने के लिए रोक रखा है इस बार पास चुनाव आयोग लखनऊ से सीधे भेजा है इसलिए यहां से नहीं बन रहा है मतलब इस तरह की भ्रामक खबरें बता करके लोगों को भ्रमित किया गया और तमाम पत्रकारों का मीडिया पास नहीं बना ऐसे लोगों को मीडिया पास बनाया गया है जो ना तो जिलाधिकारी या सूचना विभाग से भेजी गई विज्ञप्ति को प्रकाशित करते हैं और ना जिले में दिखाई पड़ते हैं जिले में उनके कार्यालय भी नहीं है पूरे साल खबर भी नहीं रहती है और जिले में उनके अखबार भी नहीं है रातों-रात तमाम लोगों के पत्र मंगवा करके उनको कार्ड बना दिया गया है लेकिन उसको खबर से कोई रिश्ता नहीं है यह भी बताया गया कि कुछ पास ऐसे लोगों के भी बनाए गए जो मीडिया से बहुत दूर है उपेक्षा से कौशांबी जनपद में पत्रकारों में आक्रोश है वहीं दूसरी ओर जिस प्रकार से माघ मेला प्रयागराज में मेंला के समय में साइबेरियन पक्षी आकर के घाटों पर कब्जा कर लेते हैं उसी प्रकार से मीडिया पास बनाने के 2 दिन पहले से मजमा लगना शुरू हो जाता है और इशारे पर पास जारी किया जाता है पत्रकारों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का ध्यान आकर्षित करते हुए जनपद कौशांबी में बनाए गए मीडिया पास की जांच करके नौकरशाही पर लगाम लगाए जाने की मांग की है बाद में यह भी बताया जाता है कि पत्रकार उल जुलूल समाचार छापते है किंतु अपने अधिकारियों के मनमानी रवैया पर बिल्कुल अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं।


## 7 साल मासूम के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक मासूम बच्ची के साथ युवक बदनीयती से छेड़छाड़ करने लगा, मासूम के शोर मचाने पर युवक धमकी देकर फरार हो गया , रोते विलखते मासूम ने आपबीती घरवालों को बताई तो घरवालों ने मामले की शिकायत सैनी पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया शनिवार को वह भूसा लेने दूसरे गांव गया था ,घर के बाहर उसकी सात वर्षीय बेटी सो रही थी इस दौरान एक व्यक्ति उसकी बेटी को उठा ले गया और पास में ऑटो में ले जाकर बदनीयती से मासूम के साथ छेड़छाड़ करने लगा । पीड़ित का आरोप है की मासूम के शोर मचाने पर आरोपी गला दबाकर जान से मारने का प्रयास करने लगा, मासूम की आवाज सुनकर पहुंची मां तो आरोपी फरार हो गया । रविवार को मासूम के पिता ने मामले की तहरीर सैनी पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है।

# दोस्तो संग गंगा नहाने आया युवक नहाते समय गंगा में डूबा

**अखंड भारत संदेश**

**ग्यारह घण्टे बीत जाने के बाद भी अजय की डेड बॉडी को गोताखोर पुलिस बल खोजने में नाकाम रही**



**कौशाम्बी।** दोस्तों के साथ गंगा नहाने आया युवक की गहरे पानी में जाने से डूब कर मौत हो गई है। साथ आए दोस्तो ने युवक को गंगा में डूबते देखा तो शोर मचाया,शोर सुनकर ग्रामीण दौड़ आए और खोजने में जुट गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस भी स्थानीय गोताखोर के माध्यम से गंगा में डूबे युवक को खोजने में जुट गई है। घटना संदीपन घाट थाना क्षेत्र के बदनपुर गंगा घाट की है जहां चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव निवासी चौबेलाल रैदास का 20 वर्षीय पुत्र अजय कुमार रविवार की सुबह 8:30 बजे गांव के ही कई दोस्तो के साथ बदनपुर गंगा घाट पर गंगा स्नान करने गया था। वह दोस्तों के साथ गंगा पार करते समय गहरे पानी में जाने के कारण समा गया। साथियों के शोर मचाने पर पड़ोस के गांव के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची हर्रायपुर चौकी पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से युवक को ढूंढने में जुटी हुई है।युवक के डूबने की सूचना जैसे ही उनके परिजनो को मिली वह भी रोते बिलखते गंगा घाट पर पहुंच गए। ग्यारह घण्टे बीत जाने के बाद भी अजय की डेड बॉडी को गोताखोर पुलिस बल खोजने में नाकाम रही। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है।

# दूसरे के नाम पर व्हाइटनर लगाकर जारी किए गए मीडिया पास को पत्रकारों ने फाड़कर फेंका

**लोकसभा चुनाव में मीडिया पास जारी करते समय सहायक सूचना अधिकारी की उजागर हुई लापरवाही**

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में सहायक सूचना अधिकारी द्वारा जारी किया गया मीडिया पास में बड़ी मनमानी हुई है पहले किसी के नाम जारी किया गया मीडिया पास फिर उसमें व्हाइटनर लगा करके दूसरे के नाम जारी कर दिया गया है लोकसभा चुनाव में मीडिया पास जारी करते समय इस बार सहायक सूचना अधिकारी की इस कदर लापरवाही उजागर हुई है कि फोटो किसी पत्रकार की लगाई गई है तो नाम किसी पत्रकार का लिख दिया गया है मीडिया पास लोगों के हाथ जैसे पहुंचा तो लोगों ने निर्वाचन आयोग के मीडिया पास में व्हाइटनर लगा देखा तो आक्रोश फैल गया और लोगों ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया मीडिया पास को फाड़कर फेंक दिया है इस बार के चुनाव में जिस तरह से सहायक सूचना अधिकारी की लापरवाही उजागर हुई है उससे यही लगता है कि यह या तो अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान नहीं है या फिर इन्होंने जानबूझकर पत्रकारों को मतदान केंद्र से दूर रखने की साजिश रची है जिले में सूचना अधिकारी के तैनाती नहीं हो सकी है जिससे सहायक सूचना अधिकारी मनमानी पर उतारू है और सहायक सूचना अधिकारी के मनमानी के चलते पत्रकार संगठन में आक्रोश व्याप्त है। एनडी तिवारी आर्य शुक्ला, बंसी लाल, कपिल द्विवेदी, गणेश अग्रहरि, राजेंद्र तिवारी, अजय तिवारी, नारायण दत्त तिवारी पवन मिश्रा, लकी तिवारी, मोहम्मद आरिफ, सत्यम कुशवाहा, कपिल द्विवेदी सहित जनपद मुख्यालय वा ग्रामीण अंचल के तमाम पत्रकारों के मीडिया पास नहीं जारी किए गए हैं।

# सेंघ लगाकर 23 हजार नगदी समेत तीन मोबाइल फोन उठा ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोईलहा उर्फ रसूलाबाद के एचबीएफ भट्ठे पर मध्य प्रदेश से मजदूरी करने आए मजदुर के घर के पीछे दीवार में सेंध कर घुसे अज्ञात चोरों ने घर के अन्दर रखे एक बैग में 19 हजार पांच सौ रुपए नगदी व मजदुर के पर्स में रखा 37 सौ रूपए नगदी और तीन मोबाइल फोन भी चुरा ले गए। घटना 19 की रात्रि करीब 1 बजे की है जब मजदुर के घर वाले बाहर सो रहे थे तभी चोरों ने मौका देख कर घर में सेंध लगाई और 23 हजार नगदी समेत तीन मोबाइल फोन उठा ले गए। मिली जानकारी के मुताबिक अनिल प्रजापति मध्य प्रदेश के छत्रपुर जिले से रोजी रोटी कमाने के लिए जनपद कौशाम्बी के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कोईलहा गांव के पास एचबीएफ भट्ठे में रह कर मजदूरी करते हैं बीते शनिवार की रात्रि करीब एक बजे जब वह परिवार सहित बाहर सो रहे थे तभी कुछ अज्ञात चोरो द्वारा उनकी झोपड़ी के पीछे से सेंध कर के करीब 23 हजार रुपए व कुछ कागजात व कपड़े व तीन मोबाइल फोन भी चोरी करके भाग गए। पीड़ित मजदुर द्वारा मामले की सूचना संदीपन घाट पुलिस को दी गई सुचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच का मजदुर को आश्वासन दिया गया।

**पुलिस चुनाव में व्यस्त चोर चोरी में मस्त**



## हाईकोर्ट की रोंक के बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की लगाई निर्वाचन ड्यूटी

**कौशाम्बी।** जिला प्रशासन के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की लोकसभा चुनाव में बीस मई को होने वाले मतदान में बूथों में ड्यूटी लगाई गई है जबकि उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ के द्वारा पारित आदेश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की ड्यूटी निर्वाचन अथवा अन्य किसी भी गैर विभागीय कार्यों में नहीं लगाए जाने का आदेश पूर्व में पारित किया जा चुका है`इस संबंध में शासन के द्वारा समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित भी किया जा चुका है इसके बावजूद न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ मैं दाखिल की गई रिट याचिका संख्या ए 6424 / 2022 में दिनांक 9/11/2022 को आदेश पारित किया गया था`आदेश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की निर्वाचन ड्यूटी पर रोक लगाई जा चुकी है `बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने दिनांक 21 दिसंबर 2022 को सभी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को जारी किए गए पत्र में उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा हैं लेकिन हैरानी की बात है कि कौशांबी जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए बीस मई को होने वाले मतदान के दिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की निर्वाचन ड्यूटी बूथों पर लगाईं गई है कानूनी मामलों के जानकारों का मानना है कि यह न्यायालय की अवमानना का मामला है`जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता का कहना है कि निर्वाचन आयोग के आदेश पर ऐसा किया गया है` लेकिन न्यायालय की अवमानना के सवाल पर कोई जवाब नहीं दे सके हैं।

# कौशांबी में लंबे समय से बनाई जाती है विभिन्न ब्रांड की महंगी शराब

**आबकारी व सैनी पुलिस ने आटा चक्की से बरामद किया अवैध शराब बनाने की सामग्री**

**अखंड भारत संदेश**



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** जिले में लंबे समय से अवैध शराब बनाने का कारखाना चल रहा है जहां विभिन्न ब्रांड की महंगी शराब बनाई जाती हैं शराब फैक्ट्री के संचालन में पूरा रैकेट सक्रिय है आबकारी व सैनी पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती रात सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर के चकिया में स्थित एक आटा चक्की में छापेमारी कर अवैध शराब बनाने की सामग्री बरामद कर एक आरोपी को दबोच कर लिखापढ़ी के बाद कार्यवाही में जुट गई है। मुखबिर की सूचना पर आबकारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने आबकारी टीम व सैनी पुलिस की संयुक्त टीम के साथ बीती रात सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर के चकिया में स्थित रामनाथ पुत्र मसूरियादिन के आटा चक्की में छापेमारी कर चक्की से 288 बोतल फुल , 24 बोतल खाली , पांच सूजा , 19 निडिल , 3 सीरिंज व मैकडावेल के 34 , आरबी की 38 आर एस की 77 एवं देशी शराब की बोतल की 698 ढक्कन बरामद किया । जिसके बाद आबकारी व पुलिस की टीम ने सामग्री के साथ रामनाथ पुत्र मसूरियादिन को थाने ले आए और लिखापढ़ी के बाद कार्यवाही में जुट गई है। आबकारी टीम में आबकारी इंस्पेक्टर सिराथू सुनील कुमार सिंह, कांस्टेबल भूपेंद्र पांडेय , पुलकित शुक्ला, आशीष कुमार व उपनिरीक्षक नत्थू यादव, कांस्टेबल भानू प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

# थानेदार को कौन बताएं कि छेड़खानी का हर मामला भीड़ में नहीं होता!

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव में कई दिन पहले दलित बालिका से लगातार छेड़खानी के मामले में थाना पुलिस से न्याय ना मिलने के बाद मामले की शिकायत डीजीपी कार्यालय में ट्विटर के माध्यम से बालिका द्वारा किए जाने के बाद थाना पुलिस ने डीजीपी कार्यालय को सूचना भेजी है कि गांव में जांच करने के बाद पता चला है कि बालिका के साथ छेड़खानी नहीं हुई है जमीनी विवाद है जिससे बालिका बढ़ा चढ़ा कर तहरीर दे रही है बालिका से छेड़खानी के बाद थाना पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया था आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की थी जिससे पीड़ित बालिका ने डीजीपी कार्यालय को सूचना दी थी लेकिन डीजीपी कार्यालय को भी थाना पुलिस गुमराह करने पर उतारू है अब पुलिस की जांच रिपोर्ट के बाद सवाल खड़ा हो गया है कि बालिकाओ के साथ छेड़खानी करने के वक्त क्या गांव के तमाम लोग सामने पर मौजूद रहते है या फिर अधिकतर मामलों में एकांत में छेड़खानी होती है क्या अधिकतर छेड़खानी की घटना भीड़भाड़ स्थान पर होती है सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को माने तो छेड़खानी रेप के मामले में बालिका का बयान पर्याप्त होता है लेकिन पुलिस बालिका के बयान पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय आरोपियों के समर्थकों के बयान पर जांच रिपोर्ट लगा करके मामले में लीपा पोती में लगी है। आरोपी प्रभावशाली व्यक्ति है पुलिस से उसका लगातार संपर्क है आखिर महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा सम्मान की बात करने वाली योगी सरकार का निर्देश कहां गायब हो गया है।



**आरोपियों के समर्थकों के बयान पर जांच रिपोर्ट लगा करके मामले में लीपा पोती करने में लगी है थाना पुलिस**

**थाना पुलिस पर पहले ही लग चुका है आरोपियों को शरण देने का आरोप अब उसकी रिपोर्ट पर मामले को दबाने का प्रयास**

## रंजिशन पड़ोसी ने विवाहिता सहित बेटियों को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावां गांव की अनीता देवी पत्नी मूलचंद्र कनौजिया मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। अनीता देवी का पति मुम्बई में रहकर प्राईवेट काम करता है। अनीता अपने परिवार सहित घर में रहकर गुजर बसर करती है। रविवार की सुबह करीब 9:30 बजे अनीता अपने घर की छत पर चढ़कर देखा तो छत पर फूल माला व नींबू लौंग बिखरा पड़ा मिला। अनीता फूल माला को देखकर शोर गुल मचानें लगी। इतनी सी बात में पड़ोस के ही अवधेश दिवाकर पुत्र कमलेश दिवाकर अपने मामा, व मां बहन सहित भद्दी - भद्दी गालियां देने लगे विवाहिता ने गाली-गलौज का विरोध किया तो विपक्षी एक जुट होकर विवाहिता को मारने पीटने लगे। विवाहिता ने शोर मचाया तो शोर सुनकर विवाहिता की दोनों बेटियां मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव करने लगी तो विपक्षी गणों ने इन्हें भी मारा पीटा है। विवाहिता अपनी दोनों बेटियों संग चरवा थाना पहुंच कर नाम जद्द लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग किया है। चरवा पुलिस शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर मुकदमा पंजीकृत करके विवाहिता सहित बेटियों को इलाज हेतु नवीन प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चरवा भेजा है।

# मकान कब्जा कराने का भी ठेका लेती है चरवा थाना पुलिस

**महिला के साथ बार-बार होता रहा अपराध आरोपियों को बचाने के लिए बार-बार थाना पुलिस दे रही है बयान, आम जनता पूछ रही है कि महिला के मकान का कब्जा कराने का थाना पुलिस ने कितने में लिया ठेका**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव में बरमदीन ने अपने बहन के घर का अपने ही बहू के नाम पर पहले फर्जी बैनामा किया फिर बहन के मकान की दीवार तोड़कर कब्जा शुरू किया लाखों का समान घर से आरोपी उठा ले गए लेकिन यहां तक पुलिस तमाशबीन बनी रही बार-बार सूचना दिए जाने के बाद भी जैसे उसे मामले की जानकारी नहीं हुई मुकदमा नहीं दर्ज किया गिरफ्तारी करना तो दूर की बात रही जब महिला के घर पर कब्जा करने का प्रयास शुरू हुआ बार-बार गाली गलौज धमकी दिया जाने लगा लेकिन फिर भी मुकदमा नहीं दर्ज हुआ महिला के विरोध करने पर नौ लोगों ने मिलकर लाठी डंडा सब्बर कुल्हाड़ी से बहन और दो भांजी पर प्राण घातक हमला किया एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया 10 दिन अस्पताल में घायलों को इलाज चला तब बालिका की जान बची खून खराबा होने के बाद मामला अधिकारियों के संज्ञान में पहुँचा अधिकारियों के निर्देश के बाद थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया डेढ़ महीना बीते 9 आरोपियों में किसी की गिरफ्तारी नहीं की जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं लेकिन थाना पुलिस दोषी नहीं है फिर बालिकाओं से छेड़खानी शुरू हुई विरोध करने पर फिर बालिकाओं को पीटा लेकिन पुलिस ने फिर मुकदमा नहीं लिखा ट्विटर के माध्यम से डीजीपी कार्यालय में शिकायत हुई डीजीपी कार्यालय ने कार्यवाही का निर्देश थाना पुलिस को दिया लेकिन फिर कार्रवाई नहीं हुई पुलिस ने डीजीपी कार्यालय को बताया कि मुकदमा दर्ज है आरोप पत्र अदालत में दाखिल है लेकिन अदालत में आरोप पत्र नहीं पहुंचा है आखिर आरोपियों का समर्थन करते हुए थाना पुलिस इतना झूठ क्यों बोल रही है यह बड़ी जांच का विषय है आरोपियों से थाना पुलिस के क्या रिश्ते हैं आखिर अपराध पर अंकुश कैसे लगेगा जब अपराधियों को बचाने के लिए थाना पुलिस दर दर पर झूठ बोलकर अधिकारियों को गुमराह करेगी तो अपराध तो बढ़ेगा और अपराधियों का हौसला भी बढ़ेगा महिला के इस पूरे प्रकरण को देखने के बाद यह लगता है कि थाना पुलिस ने महिला के मकान को कब्जा कराने का पूरी तरह से ठेका ले लिया है हर बार अपराध के बाद थाना पुलिस से शिकायत हुई लेकिन थाना पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करने के लिए तैयार नहीं है लेकिन फिर भी थाना पुलिस दोषी नहीं है अपराधियों के बढ़ते हौसले के बाद यदि महिला और उसके बेटियों के ऊपर कोई गंभीर वारदात हुई तो क्या थाना पुलिस उस वारदात में साजिश के हिस्सेदारी होगी या फिर थाना पुलिस निर्दोष ही रहेगी।

### तीन लोगों की हो चुकी हत्या

**कौशाम्बी।** गरीब कमजोर मजलूम लोगों की जमीन पर कब्जा कराने का ठेका लेने का थाना पुलिस का यह पहला मामला नहीं है इसके पहले भी कई बार पुलिस का चेहरा उजागर हो चुका है जमीन पर कब्जा कराने का थाना पुलिस के ठेके लेने के मामले के चलते संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव में दलित समुदाय के तीन लोगों की हत्या हो चुकी है इस मामले में हत्या रोपी को जेल भेजा जा चुका है लेकिन थाना पुलिस पर इस मामले में भी कार्रवाई नहीं हुई जिससे थाना पुलिस मनमानी पर उतारू रहती है।

## विवाहिता अपने दो बेटों संग लापता, खोज बीन जारी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के मिरकुण्डी गांव का श्याम मूरत पुत्र रघुनाथ मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। 15 मई की सुबह श्याम मूरत रोजाना कि तरह अपने खेत में नर्सरी की रखवाली करने के लिए गया था। 10 बजे खेत कि तरफ से घर वापस आया तो पत्नी सविता देवी व दो छोटे बच्चे घर पर नहीं दिखाई दिए। श्याम मूरत की दिव्यांग बहन घर पर मौजूद थी। बहन से पूछने पर बताया कि मैं दूसरे दरवाजे की तरफ थी भाभी सविता देवी बाहर की तरफ के दरवाजे कि तरह से बिना बताए कीमती जेवरात सहित 16 हजार रुपए नगद लेकर कहीं चली गई है। श्याम मूरत देर शाम तक इन्तजार किया फिर भी विवाहिता सहित बच्चों का कोई सुराग नहीं लगा है। रिस्तेदारी व अन्य जगह विवाहिता सहित बच्चों की तलाश करने के बावजूद नहीं मिले तो रविवार को श्याम मूरत चरवा थाना पहुंच कर विवाहिता सहित बच्चों की गुमशुदगी का शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस ने शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता सहित बच्चों की तलाश में जुट गई है।

## संपादक की कलम से

### चुनावों के बीच बैंक जमा पर ब्याज दरें बढ़ाने में राजनीति की बू

चुनाव के बीच में अल्पकालिक जमा दरों में बढ़ोतरी के स्टेट बैंक के कदम से मौजूदा सरकार को बड़े पैमाने पर लोगों का समर्थन मिलना चाहिए। बेशक, इन्हें प्रसारित होने में भी समय लगता है, क्योंकि ऊंची दरें कुछ अंतराल के बाद दिखाई देने लगती हैं। लेकिन इनसे निश्चित रूप से लोकप्रिय भावनाओं को धूमिल करने के बजाय मदद मिलनी चाहिए। हालांकि बैंक के लिए यह एक सावधानीपूर्वक लिया गया निर्णय रहा होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में, अर्थशास्त्री और राजनीति विशेषज्ञ सभी आश्चर्यचकित हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जमीनी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की लोकप्रियता को क्यों नहीं बढ़ा रहा है? अमेरिका में बेरोजगारी दर सबसे निचले स्तर पर है, अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है, अर्थव्यवस्था में बहुप्रतीक्षित मंदी का कोई निशान नहीं है। माना कि कीमतें कभी-कभी तेजी से बढ़ी हैं। लेकिन फिर, मजदूरी भी बढ़ रही है। इन सकारात्मक कारकों के बावजूद, जो बाइडेन को अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन का श्रेय नहीं मिल रहा है। इसके विपरीत, उन पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया जा रहा है, खासकर जब कीमतें बढ़ रही हैं। युद्ध के बाद की अवधि में अमेरिका में कई वर्षों में कीमतों में सबसे तेज वृद्धि देखी गई। क्या संयुक्त राज्य अमेरिका में चुनाव पूर्व परिदृश्यऔर भारत के चुनाव पूर्व परिदृश्य में कुछ समानताएं हैं? इसका उत्तर हां और नहीं दोनों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए अपना चुनाव अभियान पूरे आत्मविश्वास के साथ शुरू किया था लेकिन चार चरणों के मतदान के बाद उनका अति आत्मविश्वास हिल गया है। मतदान के तीन और चरण 1 जून तक होने हैं। इसलिए कुछ करने की जल्दबाजी थी और संभवतः यही कारण है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने लाखों जमाकताओं, जो मतदाता भी हैं, को कुछ राहत देने के लिए जमा पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की। एसबीआई के कदम का अन्य बैंकों द्वारा भी अनुकरण किया जायेगा। इसलिए पूरे बैंकिंग क्षेत्र में कुल मिलाकर जमा पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी होगी। जहां तक अमेरिकी अर्थव्यवस्था का संबंध है, जैसा कि अति सक्रिय अर्थशास्त्रियों के साथ होता है, कुछ लोग एकजुट हुए हैं और अर्थव्यवस्था की समस्याओं का जवाब तलाश रहे हैं। एक त्वरित सर्वेक्षण से पता चला है कि अन्य कारकों के अलावा, उच्च प्रचलित ब्याज दरें एक समृद्ध अर्थव्यवस्था की छवि को खराब कर रही हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उपभोक्ताओं को अपने गिरवी का वित्तपोषण करना कठिन हो रहा है। अमेरिकी उपभोक्ता भावनाएं गिरवी दरों से प्रमुख रूप से प्रभावित होती हैं क्योंकि अधिकांश खरीदारी गिरवी से जुड़ी होती हैं। चाहे घर खरीदना हो या कार, गिरवी दर उपभोक्ताओं के लिए यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि खरीदारी को आगे बढ़ाया जाये या इसे स्थगित कर दिया जाये।अमेरिकी फेडरल रिजर्व की उच्च पॉलिसी दरें, जो वर्तमान में 5प्रतिशत है, ऐतिहासिक शिखर पर है। इन दरों को व्हाइट हॉट अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सामान्य स्तर पर वापस लाने के लिए क्रमिक कदमों में बढ़ाया गया है। वित्तीय मंदी और मात्रात्मक सहजता के मद्देनजर शून्य ब्याज दरों के दिनों के बाद से, अमेरिकी फेडरल रिजर्व अधिक पारंपरिक मौद्रिक नीति व्यवस्था को समायोजित करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, उच्च मुद्रास्फीति दरों ने केंद्रीय बैंकर की सामान्य स्तरों पर समायोजित होने की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित कर दिया था। इस अवधि में मुद्रास्फीति की दर असाधारण रूप से ऊंचे स्तर 8 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। इस प्रकार फेडरल रिजर्व दरें बढ़ाने के लिए बाध्य था। फेड चेयरमैन ने कई बार दरें कम करने का संकेत दिया था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। शीर्ष पर, प्रचलितब्याज दरों के बावजूद, अर्थव्यवस्था गतिविधि के उच्च स्तर पर थी। कुछ लोगों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की दिशा को 'गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने वाली' बताया है। भारत की बात करें तो ब्याज दरों के अलग-अलग अर्थ हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने हाल ही में अपनी अल्पकालिक जमा दरें बढ़ा दी हैं। दरें बढ़ाने का असर स्वचालित रूप से उधार दरों पर दिखाई देगा। अल्पावधि जमा दरें बढ़ने के साथ, बैंक के लिए धन की लागत बदलनी चाहिए। फंड की सीमांत लागत अब बढ़ जायेगी और इसे उधार दरों के साथ समायोजित करना होगा। उद्योग और व्यापार जगत ब्याज दरों में किसी भी बढ़ोतरी से नाराज होंगे। रिजर्व बैंक भी आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत दरों को कम करने की मांग कर रहा है। एसबीआई के कदम को विरोधाभासी माना जा सकता है। लेकिन नीतिगत बहस के अलावा, भारत में ब्याज दर को पश्चिमी देशों की तुलना में अलग तरह से देखा जाता है। भारत में, जमा दरों का उधार दरों की तुलना में अधिक और व्यापक प्रभाव होता है। जमा दर में बढ़ोतरी से बचतकताओं को मदद मिलती है और इससे आराम की भावना पैदा होती है।


### मई माह में ही गर्मी तोड़ने लगी रिकार्ड, आगे न जाने क्या होगा

अभी मई का महीना भी नहीं बीता है कि गर्मी रिकॉर्ड तोड़ने लगी है। पूरे उत्तर भारत में हीट वेव शुरू हो चुकी है और सुबह के सात बजते-बजते गर्मी का ऐसा दौर शुरू होता है, जोकि रात को बारह-एक बजे तक अनवरत जारी रहता है। गर्मियों के मौसम में गर्मी नहीं होगी तो क्या ठंड होगी, ऐसा कहा जा सकता है लेकिन चिंता की बात यह है कि आजकल गर्मियां पहले के वर्षों की तुलना में कहीं अधिक घातक और बे टाइम हो गई लगती हैं। आजकल पूरी रात एसी और पंखे धनधनाते रहते हैं। अब तो हालात ऐसे हैं कि एसी भी जवाब देने लगे हैं, पंखों, कूलरों की तो बिसात क्या है। मौसम विभाग रोजाना नई भविष्यवाणी दे रहा है, लेकिन महज कुछ डिग्री तापमान कम होने की खबर किसे खुशी दे सकती है। अगले कुछ हफ्तों तक भी मौसम विभाग ऐसे ही तापमान के बने रहने की संभावना जाहिर कर रहा है। इतनी गर्मी की वजह क्या है? माना जा रहा है कि राजस्थान की ओर से दक्षिण पश्चिमी हवाएं अपने साथ गर्म हवाएं लेकर आ रही हैं। वहीं कोई निम्न दाब क्षेत्र भी निर्मित नहीं हो रहा। हालांकि इस गर्मी की वजह अब बेहद साफ दिखाई देने लगी है, देश में वन क्षेत्र लगातार कम होता जा रहा है और पर्यावरण को हानि का परिणाम सामने दिख रहा है। देश की राजधानी नई दिल्ली हो या फिर चंडीगढ़, हर जगह आग के गोले बरस रहे हैं। अर्बन जंगल के बीच फंसी जिंदगी इतनी रुआंसी हो चुकी है कि बच्चों को राहत नहीं है, बड़े-बुजुर्ग बेहद परेशान हैं और कामकाजी एवं युवाओं का भी पसीना रुकने का नाम नहीं ले रहा। दिल्ली में तो ऊंची इमारतों के बीच जिंदगी कुछ और ही हो गई है। एसी से निकलने वाली हीट दीवारों के बीच फंस कर जीवन और जोखिमपूर्ण बना रही है। चंडीगढ़, मोहाली, जीरकपुर, पंचकूला के इलाकों में भी ऐसी ही स्थिति है। अर्बन हीट आइलैंड (कंक्रीट की इमारतों के बीच फंसी गर्मी वाले इलाके) अब चर्चित हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार यह अर्बन हीट आइलैंड का असर है। जिसकी वजह शहरीकरण और ग्रीन एरिया कम हो गया है। चिकित्सकों की राय है कि इतने अधिक तापमान के अंतर के बीच लोग सुबह और शाम के समय रोज सफर कर रहे हैं, तो उनका बीमार होना तय है। तापमान में अंतर होने पर बॉडी के लिए इसे सहन करना मुश्किल होता है। दरअसल तापमान में अंतर जितना अधिक होगा, उतना ही यह बॉडी के लिए असहज होगा। मौसम विभाग के अनुसार अर्बन एरिया में आसपास के एरिया की तुलना में तापमान कुछ अधिक दर्ज होता है। खासतौर पर यह अंतर रात और सुबह-शाम अधिक रहता है। इसे अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट कहते हैं। इसकी कुछ खास वजह हैं। जिनमें शहरी आबादी में वेंटिलेशन कम होने लगता है, ऊंची बिल्डिंगों की वजह से गर्मी ट्रैप हो जाती है, इंसानी गतिविधियों से भी गर्मी बढ़ती है। वहीं, कंक्रीट खुद गर्मी बढ़ाने की वजह है। अब अगर चंडीगढ़ के संबंध में विचार करें तो विशेषज्ञों के अनुसार शहर और इसके आसपास के इलाकों में ऐसा ट्रेंड कायम रहा है कि अगर तापमान 42 से 43 डिग्री हो जाता है तो लोकल क्लाउड फार्मेशन की वजह से बरसात हो जाती है, लेकिन इस बार मई में ही तापमान 44 डिग्री से ऊपर पहुंच चुका है।
वैसे, इसकी संभावना जाहिर की जा रही है कि अगले दिनों में गर्म हवाएं और तेज हो सकती हैं। हरियाणा में स्कूलों का समय बदलने का फैसला उचित ही है, देश के दूसरे हिस्सों में भी इसी प्रकार से स्कूलों का समय बदला जा रहा है। यह चिंता की बात है कि पंजाब जैसे प्रगतिशील राज्य में बिजली की समस्या गहरा रही है। राज्य में रोजाना बिजली के कट लग रहे हैं, इस वजह से पानी की सप्लाई एवं अन्य जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। बीते दिनों दुबई में बाढ़ आ गई थी। इसी प्रकार उन ठंडे प्रदेशों में अब गर्मी से जिंदगी बेहाल हो रही है, जोकि सैर सपाटे के लिए सबकी पसंदीदा मंजिल होते थे। उत्तराखंड के जंगल जल रहे हैं। भारत एवं विश्व में जिस प्रकार से प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण होता जा रहा है, वह मौसम चक्र को खराब कर रहा है। क्या यह समय प्रकृति की ओर लौटने का नहीं है। भारत में अब ज्यादातर लोग मौसम के बदले स्वरूप से चिंतित हैं, लेकिन जरूरत इसकी है कि हालात को और बिगड़ने से रोकने के लिए सभी मिलकर कदम उठाएं।

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण फैसला

**- हरेश जगतियानी**

न्यायपालिका निश्चित रूप से उसी स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभाव का उत्पाद है जो अपने निर्णय लिखने के समय इन पोषित मूल्यों को निर्देशित किए बिना नहीं रह सकती है। लोकतंत्र की रक्षा के बारे में यदि कभी हमारे न्यायाधीश क्षण भर के लिए विचलित होते हैं तो भयभीत होने की जरूरत नहीं है। न्यायपालिका को उसकी आवाज वापस दिलाने के लिए भारतीय नागरिक के पास 'मतदान' नाम की सबसे अच्छी दवा है। क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने से चुनावी फायदा होगा? क्या गलत समय पर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कर प्रधानमंत्री मोदी ने गलत कदम उठाया? क्या सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को अस्थायी रूप से रिहा करके सही काम किया? पहले दो सवालों के जवाब 4 जून, 2024 को मिल जाएंगे जब लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। इसलिए तीसरा सवाल सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का मुद्दा है जिसमें अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक अपनी पार्टी और चुनावी सहयोगियों के लिए प्रचार करने की सीमित छूट दी गई है। यह एक ऐसा फैसला जिसकी सराहना की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला देश के लिए, कानून के राज के लिए और सबसे बढ़कर लोकतंत्र के लिए गर्व का क्षण है। आखिर क्यों? इस फैसले से पहले सुप्रीम कोर्ट ने दो ऐतिहासिक निर्णयों में हमारे सबसे मौलिक मूल्य- लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए दृढ़ता से बात की थी। पहला फैसला राष्ट्रीय स्तर पर परिणामकारक नहीं हो सकता है। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रूप से चुने गए चंडीगढ़ के भाजपा महापौर को हटा दिया और उस प्रक्रिया को 'लोकतंत्र की हत्या' के रूप में वर्णित किया जिसके द्वारा महापौर को चुना गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के ये शब्द उन सभी के दिलो-दिमाग में गूंजने चाहिए जो स्वतंत्रता को महत्व देते हैं। दूसरा महत्वपूर्ण फैसला सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ का था जिसमें इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक घोषित किया गया था। इस फैसले के माध्यम से एक बार फिर हमारी राजनीति के लोकतांत्रिक सिद्धांतों, भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकार की महत्ता बताई गई है। जिससे उन्हें देश के शासन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने का अधिकार मिलता है। सवाल यह है कि अरविंद केजरीवाल को दी गई अस्थायी जमानत के फैसले को पहले के दो फैसलों के साथ क्यों रखा जाना चाहिए और इस फैसले का पहले के दो महत्वपूर्ण फैसलों के समान क्या महत्व है? ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि रिहाई आदेश की नींव एक ही है- एक सिद्धांत जो हमारी स्वतंत्रता के लिए अपरिहार्य है। वह है 'निष्पक्ष और स्वतंत्र' चुनाव।



इस मौके पर जमानत के अंतर्निहित न्यायशास्त्र को समझना महत्वपूर्ण है। किसी व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक अपराध सिद्धांत रूप में समाज के खिलाफ अपराध है। जिस समुदाय में अपराध किया जाता है उसे ऐसी प्रवृत्ति वाले व्यक्ति से बचाया जाना चाहिए, लेकिन किसी अपराध के संदेह में किसी को गिरफ्तार करना यह साबित करने के समान नहीं है कि अपराध किया गया है। हालांकि अपराध गंभीर होने और उसमें संलिप्तता के मजबूत संदेह के बावजूद संदिग्ध आरोपी को मुकदमे में दोषी साबित होने तक निर्दोष माना जाता है। कानून उसकी बेगुनाही की धारणा को ध्यान में रखते हुए उसे जमानत पर रिहा करने की अनुमति देता है ताकि वह प्रभावी ढंग से अपना बचाव करने के लिए स्वतंत्र हो। अपराध की प्रकृति के बावजूद जमानत से इनकार करना आरोपी को बिना मुकदमे के दंडित करना है। इसी प्रकार यह आवश्यक रूप से विभिन्न परिस्थितियों पर निर्भर होना चाहिए कि क्या एक आरोपी जमानत का हकदार है जिनके आधार पर न्यायाधीश अपने विवेक से जमानत देने या अस्वीकार करने का मूल्यांकन करता है।
यहां तक कि हत्या के उन संदिग्ध मामलों में भी जमानत दी जा सकती है जहां न्यायाधीश को लगता है कि अभियोजन पक्ष द्वारा पेश की गई सामग्री या सबूतों की समग्रता विरोधाभासों से भरी हुई है और इस प्रकार आरोपी को अपने मुकदमे में संभावित बचाव प्रदान करता है। जमानत देने या अस्वीकार करने के बारे में न्यायाधीश के विवेक के प्रयोग को नियंत्रित करने के बारे में कोई निर्धारित नियम या फॉर्मूला नहीं है। अगर इस व्यापक दृष्टिकोण को ध्यान में रखा जाता है तो जब उनका मामला मुकदमे के लिए तैयार ही था तो अरविंद केजरीवाल को पहले ही जमानत मिलनी चाहिए थी और यह केवल एक अंतरिम उपाय के रूप में नहीं होना चाहिए। मामले की 'जांचज भले ही दो साल से चल रही हो किंतु केजरीवाल के खिलाफ आरोपों को अभी तक स्पष्ट रूप नहीं दिया गया है। एक संभावित इकबाली गवाह की 'स्वीकारोक्ति' पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है जिसकी ईमानदारी पर संदेह है और जिसने पहले भी 'स्वीकारोक्ति' के बारे में विरोधाभासी बयान दिए थे।
फिर, अरविंद केजरीवाल के भागने का खतरा भी नहीं है। और अगर केजरीवाल की गतिविधियों पर सतर्कता से निगरानी की जाती है तो वे संभवतः प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पहले से ही एकत्र किए गए सबूतों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित नहीं कर सकेंगे। ये सभी परिस्थितियां अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु रिहा करने के लिए एक न्यायाधीश को मजबूर करती हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट इन छोटी-छोटी बारीकियों में नहीं गया। उसने केजरीवाल को लोकतंत्र की ठोस नींव पर उनकी सही आजादी दी जिसका उद्देश्य निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करना है। अरविंद केजरीवाल एक राष्ट्रीय दल 'आम आदमी पार्टी' के प्रमुख हैं। पार्टी को संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त है और वह दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ पार्टी है। उनकी अनुपस्थिति चुनाव में भाजपा को निर्विवाद, अनुचित लाभ देगी तथा मतदाताओं को सत्तारूढ़ दल के खिलाफ प्रचार किए बिना वोट देने के वैकल्पिक-वांछनीय उम्मीदवार के एक सूचित विकल्प से वंचित कर देगी। निश्चित रूप से यह मुद्दा इस मामले के केंद्र में है। यदि इस उप-महाद्वीप में लोकतंत्र जीवित रहता है तो भावी पीढ़ी निश्चित रूप से हाल ही में घोषित तीन निर्णयों को इसके संरक्षण के प्राथमिक कारण के रूप में स्वीकार करेगी।
हमारे पास कम से कम उच्च स्तर पर एक मजबूत न्यायपालिका है और जरूरत पड़ने पर एक प्रेरणादायक सुप्रीम कोर्ट है। क्या सुप्रीम कोर्ट हमेशा से ऐसा ही रहा है? इसका जवाब 'न' में आता है। अतीत में सुप्रीम कोर्ट ने हमें कई मौकों पर निराश किया है लेकिन जब तक हर न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति और पद छोड़ने की आयु नहीं होती तब तक उन्हें बर्दाश्त करना पड़ेगा।न्याय संस्था में अपनी प्रतिष्ठा वापस पाने और गरज कर यह कहने का अंतर्निहित लचीलापन और आत्मविश्वास है कि 'हम एक लोकतंत्र हैं'। सरल शब्दों में कहें तो हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता में लोकतंत्र की सुगंध है एवं वह विचार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करती है। न्यायपालिका निश्चित रूप से उसी स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभाव का उत्पाद है जो अपने निर्णय लिखने के समय इन पोषित मूल्यों को निर्देशित किए बिना नहीं रह सकती है। लोकतंत्र की रक्षा के बारे में यदि कभी हमारे न्यायाधीश क्षण भर के लिए विचलित होते हैं तो भयभीत होने की जरूरत नहीं है। न्यायपालिका को उसकी आवाज वापस दिलाने के लिए भारतीय नागरिक के पास 'मतदान' नाम की सबसे अच्छी दवा है।

**(लेखक सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# देखना कहीं लू न लग जाए लोकतंत्र को

**@ राकेश अचल**

आज मै अपनी बात कविराज सेनापति से करना चाहता हूँ। सेनापति ऋतु वर्णन के अद्भुत चितेरे रहे। आजकल देश के अधिकांश हिस्सों में जिस तरह गर्मी का प्रकोप है, उसे अनुभव करते हुए मुझे सेनापति बार-बार याद आते हैं। वे लिखते हैं -

बृष को तरनि तेज, सहसौ किरन करि,
ज्वालन के जाल बिकराल बरसत हैं।
तपति धरनि, जग जरत झरनि, सीरी
छाँह कौं पकरि, पंथी-पंछी बिरमत हैं॥
'सेनापति नैक, दुपहरी के ढरत, होत
घमका बिषम, ज्यौं न पात खरकत हैं।
मेरे जान पौनों, सीरी ठौर कौं पकरि कौनौं,
घरी एक बैठि, कहूँ घामै बितवत हैं।



कभी-कभी मुझे लगता है कि आज की गर्मी की तरह आज की राजनीति पर मै भी सेनापति की तरह कुछ खास लिख पाता। लेकिन कहते हैं न ' ये मुंह और मसूर की दाल ? ' मै लोकतंत्र के नाम पर आजकल देश में बरस रही आग का वर्णन आखिर कैसे कर सकता हूँ ? यहां तो पल-पल मौसम बदलता है। मौसम और हिन्दुस्तानी नेताओं के बीच एक तरह की होड़ लगी हुई है बदलने को लेकर। इस बदलाव में सबसे आगे हमारे आदिगुरु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी हैं।
आप कहेंगे कि आपका काम आजकल बिना मोदी जी के चलता ही नहीं,! हकीकत है कि मोदी आजकल सर्वत्र व्याप्त हैं 'हरि व्यापक सर्वत्र समाना' की तरह। गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में कहा है कि
- हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना॥
देस काल दिसि बिदिसिहु माहीं। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं॥
अर्थात मैं तो यह जानता हूँ कि भगवान सब जगह समान रूप से व्यापक हैं, प्रेम से वे प्रकट हो जाते हैं, देश, काल, दिशा, विदिशा में बताओ, ऐसी जगह कहाँ है, जहाँ प्रभु न हों। आज के युग में मुझे भी यही लगता है कि मोदी जी सर्वत्र व्यापक है। वे केवल प्रेम से ही नहीं आपके सामने क्षोभ से, घृणा से, क्रोध से प्रकट हो सकते है। आप देश, काल, दिशा, विदिशा में बताओ, ऐसी जगह कहाँ है, जहाँ माननीय मोदी जी न हों ? '
राजनीति में, लोकतांत्र में तंत्रों में, यंत्रों में, मंत्रों में सब कह हैं मोदी जी। ऐसी व्यापकता किसी और नेता की शायद नहीं है। राहुल गांधी या दूसरे नेता आजकल इस मामले में नंबर दो पर ही है। और ये सब कमाल किसका है, आप सभी जानते हैं।
दो दिन पहले माननीय मोदी जी जब बनारस में गंगाविहार के दौरान क्रूज पर हमारे पत्रकार मित्रों को साक्षात्कार दे रहे थे, तब मै उन्हें सुनकर भाव विभोर हो गया था। वे कह रहे थे कि -'यदि मै हिन्दू-मुसलमान करूँ तो मुझे पातकी कहिये', मै माननीय की बातों पर आँखें बंद कर देश की जनता की तरह भरोसा करता आया हूँ, लेकिन हमेशा कि तरह मोदी जी ने दिल्ली पहुँचते ही फिर से मेरा और देश का दिल तोड़ दिया। उन्होंने पांचवें चरण के मतदान से पहले एक बार फिर हिन्दू-मुसलमान किया। मंगलसूत्र, विरसे और आरक्षण कि डकैती की बातें कर डालीं। अर्थात उनका काम हिन्दू -मुसलमान और उन हौवों के बिना नहीं चला जो वे पिछले एक महीने से अपने साथ लेकर तमाम रैलियों में उपस्थित होते हैं।
मुमकिन है कि मै गलत होऊं लेकिन लगता है कि मोदी जी अपने हौवों के जरिये इस देश के लोकतंत्र को लू लगाकर मानेंगे। वे तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए इतने व्याकुल हैं कि पूछिए मत ! आप पूछिए भी तो, आपको सच बताएगा कौन ? किसी को मोदी के मन की बात पता नहीं है। खुद मोदी जी को भी नहीं। वे कांग्रेस को मिटाने के लिए भाजपा और संघ के साथ-साथ देश कि तमाम रिवायतों को मिटा देना चाहते हैं। हिन्दुओं को लेकर वे उतने ही संवेदनशील हो गए हैं जितना किसी जमाने में मुसलमानों को लेकर मोहम्मद जिन्ना हुआ करते थे। जिन्ना साहब आखिरकार मुसलमानों के लिए पाकिस्तान लेकर ही माने। और मुझे लगता है कि अब मोदी जी भी हिन्दुओं के लिए हिंदुस्तान से हिन्दू द्वीप लेकर ही मानेंगे। वे तब तक सत्ता को टा-टा, वाय-वाय नहीं कहेंगे जब तक कि उन्हें हिन्दू द्वीप मिल नहीं जाता। वे ऐसा देश चाहते हैं जहां हिन्दुओं के अलावा अव्वल तो कोई दूसरा हो ही नहीं और हो भी तो हमेशा हिन्दुओं के सामने साष्टांग मुद्रा में खड़ा दिखाई दे।
भविष्य के गर्त में क्या है, ये कोई नहीं जानता। महात्मा गाँधी भी नहीं जानते थे। उन्होंने भी अपना जीवन उस देश के लिए न्यौछावर किया जिसमें हिन्दू-मुसलमान, सिख और ईसाई ही नहीं बल्कि तमाम लोग शामिल थे और हैं। गांधी के बाद हिंदुस्तान को हिंदुस्तान बनाये रखने के लिए शहादतों का सिलसिला थमा नहीं। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि खालिस हिन्दू द्वीप चाहने वालों में से किसी ने कोई शहादत अब तक दी नहीं। शहादत देना और शहादत का अपमान करना दो अलग-अलग चीजें हैं। इसे समझना आसान नहीं है। देश को आज शहादत की नहीं मोहब्बत की जरूरत है। किस कश्ती को हमारे पुरखे तूफान से बचाकर निकाल लाये थे उसे सम्हालकर रखने की जरूरत है। किन्तु हो उलटा रहा है। हम देश कि किश्ती को एक बार फिर हिन्दू-मुसलमान कर एक नए तूफान में फंसता देख रहे हैं।
अठरहवीं लोकसभा के लिए चलकर रहे मतदान के शेष तीन चरणों में आप अपने विवेक से सही फैसला कर इस कश्ती को तूफान में घिरने से बचा सकते हैं। नेताओं के श्रीमुख से निकलती आग से बचा सकते हैं। आप यदि चूके तो लोकतंत्र को लू लगना तय है। और हम सब लू लगा लोकतंत्र नहीं एक स्वस्थ्य लोकतंत्र चाहते हैं, एक ऐसा लोकतंत्र जिसमें राजनीति झूठ की बैशाखियों पर न टिकी हो। अदावत जिसकी रगों में न बहती हो। तय आपको करना है क्योंकि ये देश हमारा भी है और आपका भी।

# अतिथि तुम कब जाओगे?

**- शरद जोशी**

तुम्हारे आने के चौथे दिन, बार-बार यह प्रश्न मेरे मन में उमड़ रहा है, तुम कब जाओगे अतिथि! तुम कब घर से निकलोगे मेरे मेहमान!
तुम जिस सोफे पर टांगें पसारे बैठे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर लगा है, जिसकी फड़फड़ाती तारीखें मैं तुम्हें रोज दिखा कर बदल रहा हूं. यह मेहमान नवाजी का चौथा दिन है, मगर तुम्हारे जाने की कोई संभावना नजर नहीं आती. लाखों मील लंबी यात्रा कर एस्ट्रोनॉट भी चांद पर इतने नहीं रुके जितने तुम रुके. उन्होने भी चांद की इतनी मिट्टी नहीं खोदी जितनी तुम मेरी खोद चुके हो. क्या तुम्हें अपना घर याद नहीं आता? क्या तुम्हें तुम्हारी मिट्टी नहीं पुकारती?
जिस दिन तुम आए थे, कहीं अंदर ही अंदर मेरा बटुआ कांप उठा था. फिर भी मैं मुस्कराता हुआ उठा और तुम्हारे गले मिला. मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते किया. तुम्हारी शान में ओ मेहमान, हमने दोपहर के भोजन को लंच में बदला और रात के खाने को डिनर में. हमने तुम्हारे लिए सलाद कटवाया, रायता बनवाया और मिठाइयां मंगवाईं. इस उम्मीद में कि दूसरे दिन शानदार मेहमान नवाजी की छाप लिए तुम रेल के डिब्बे में बैठ जाओगे. मगर, आज चौथा दिन है और तुम यहीं हो. कल रात हमने खिचड़ी बनाई, फिर भी तुम यहीं हो. आज हम उपवास करेंगे और तुम यहीं हो. तुम्हारी उपस्थिति यूं रबर की तरह खिंचेगी, हमने कभी सोचा न था. सुबह तुम आए और बोले,"लॉन्ड्री को कपड़े देने हैं." मतलब? मतलब यह कि जब तक कपड़े धुल कर नहीं आएंगे, तुम नहीं जाओगे? यह चोट मार्मिक थी, यह आघात अप्रत्याशित था. मैंने पहली बार जाना कि अतिथि केवल देवता नहीं होता. वह मनुष्य और कई बार राक्षस भी हो सकता है. यह देख मेरी पत्नी की आंखें बड़ी-बड़ी हो गईं. तुम शायद नहीं जानते कि पत्नी की आंखें जब बड़ी-बड़ी होती हैं, मेरा दिल छोटा-छोटा होने लगता है. कपड़े धुल कर आ गए और तुम यहीं हो. पलंग की चादर दो बार बदली जा चुकी और तुम यहीं हो. अब इस कमरे के आकाश में ठहाकों के रंगीन गुब्बारे नहीं उड़ते. शब्दों का लेन-देन मिट गया. अब करने को चर्चा नहीं रही. परिवार, बच्चे, नौकरी, राजनीति, रिश्तेदारी, पुराने दोस्त, फिल्म, साहित्य. यहां तक कि आंख मार-मार कर हमने पुरानी प्रेमिकाओं का भी जिक्र कर लिया. सारे विषय खत्म. तुम्हारे प्रति मेरी प्रेमभावना गाली में बदल रही है. मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि तुम कौन-सा फेविकोल लगा कर मेरे घर में आए हो?
पत्नी पूछती है,"कब तक रहेंगे ये?" जवाब में मैं कंधे उचका देता हूं. जब वह प्रश्न पूछती है, मैं उत्तर नहीं दे पाता. जब मैं पूछता हूं, वो चुप रह जाती है. तुम्हारा बिस्तर कब गोल होगा अतिथि?
मैं जानता हूं कि तुम्हें मेरे घर में अच्छा लग रहा है. सबको दूसरों के घर में अच्छा लगता है. यदि लोगों का बस चलता तो वे किसी और के घर में रहते. किसी दूसरे की पत्नी से विवाह करते. मगर घर को सुंदर और होम को स्वीट होम इसीलिए कहा गया है कि मेहमान अपने घर वापिस लौट जाएं.
मेरी रातों को अपने खराटों से गुंजाने के बाद अब चले जाओ मेरे दोस्त! देखो, शराफत की भी एक सीमा होती है और गेट आउट भी एक वाक्य है जो बोला जा सकता है. कल का सूरज तुम्हारे आगमन का चौथा सूरज होगा. और वह मेरी सहनशीलता की अंतिम सुबह होगी. उसके बाद मैं लड़खड़ा जाऊंगा. यह सच है कि अतिथि होने के नाते तुम देवता हो, मगर मैं भी आखिर मनुष्य हूं. एक मनुष्य ज्यादा दिनों देवता के साथ नहीं रह सकता. देवता का काम है कि वह दर्शन दे और लौट जाए. तुम लौट जाओ अतिथि. इसके पूर्व कि मैं अपनी वाली पर उतरूं, तुम लौट जाओ.
उफ! तुम कब जाओगे, अतिथि!

# सीआईसी से रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां


बूथों में रवाना होती पोलिंग पार्टी।


पोलिंग पार्टियों को निर्देश देते डीएम।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट की तैयारियां पूरी हो गई हैं। रविवार को पोलिंग पार्टियां शहर के चित्रकूट इंटर कॉलेज से रवाना हुईं। चुनावी समर में 12 प्रत्याशी खड़े हैं। चुनाव जीतने को पूरा जोर लगाये हैं। दोनों विधानसभा में कुल मतदाता सात लाख 37 हजार 520 हैं। 20 मई को सवेरे सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। रविवार को चित्रकूट विधानसभा 236 में कुल मतदाता तीन लाख 85 हजार 565 है। पुरूष मतदाता 206405, महिला 179155 व अन्य 868 हैं। बूथ 439 है। सात संवेदनशील व अति संवेदनशील 48 हैं। जोनल 11 व 44 सेक्टर हैं। 568 वीवीपैट व 562 ईवीएम हैं। दिव्यांग एक, यूथ एक, एक पिंक व 52 आदर्श बूथ हैं। मानिकपुर विधानसभा 237 में तीन लाख 51 हजार 955 मतदाता है। पुरूष मतदाता 187656, महिला मतदाता 164296 व अन्य मतदाता 875 हैं। विधानसभा में 412 बूथ हैं। संवेदनशील 12 व अति संवेदनशील 70 है। जोनल मजिस्ट्रेट दस व सेक्टर मजिस्ट्रेट 43 है। मानिकपुर 534 वीपीपैट व 529 ईवीएम हैं। दिव्यांग एक, यूथ एक व एक पिंक व दस आदर्श बूथ हैं। उप्र-मप्र सीमा में बैरियर लगाकर सीमा सीज की है। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने बताया कि चित्रकूट समेत मानिकपुर क्षेत्र व भरतकूप सीमा में पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। एमपी की ओर से सीमा में बैरियर लगाकर पुलिस बल तैनात किया है।

## तापमान में वृद्धि से कम मतदान के आसार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव में प्रमुख दलो के प्रत्याशी समेत 12 लोगों का भाग्य आज 20 मई को ईवीएम में कैद हो जायेगा। तकरीबन सात लाख 37 हजार 520 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर देंगे। मतदान प्रतिशत बढाने को प्रशासन व समाजसेवी संस्थाओं ने खूब अभियान चलाये हैं। आयोग ने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं को खासे इंतजाम कर रखे हैं। मतदान का प्रतिशत कुदरत मेहरबानी से ही बढने के आसार हैं। तापमान में भारी वृद्धि लोग अभी से महसूस कर रहे हैं। ऐसे में खासतौर पर सवर्ण मतदाताओं का मतदान केन्द्र तक जाना और लम्बी लाइन में खडे होना खासा परेशानी का सबब बना है। तापमान के ठंडा होने पर तो ये वर्ग मतदान केन्द्रों तक जायेगा। हालांकि राजनीति के प्रति दिलचस्पी रखने वाले सवर्ण मतदाताओं ने मतदान केन्द्र तक जाने को ई-रिक्शा की बुकिंग पहले से कर रखी है।

# सीमायें सील, पैरामिलेट्री के साये में होंगे मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले के अन्दर पांच व अंतरप्रान्तीय सीमा पर बारह स्थानों पर बैरियर लगवाकर कड़ी सतर्कता को पुलिस बल तैनात किया है।

रविवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 20 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का पुलिस की पार्टियां रवाना की। इनमें दरोगा, दीवान, सिपाही, होमगार्ड की ड्यूटी लगी है। पांच कम्पनी व दो प्लाटून पैरामिलेट्री फोर्स, दो कम्पनी व दो प्लाटून पीएसी बल लगाया गया है। मतदान के दिन सभी थाना प्रभारी भ्रमण पर रहेंगे। जिले को जोनल मजिस्ट्रेट/पुलिस अफसर व सेक्टर मजिस्ट्रेट/सेक्टर पुलिस अधिकारी एवं सभी क्षेत्राधिकारी भ्रमण पर रहेंगे। मप्र क्षेत्र से अवांछित तत्व सीमा क्षेत्र में प्रवेश न कर सकें, इसके मद्देनजर जिले में पांच स्थानों पर व अंतर्राज्जीय सीमा पर बारह स्थानों पर बैरियर लगाकर पुलिस को कड़ी सतर्कता के निर्देश दिये हैं।


मप्र सीमा देवांगना घाटी पर लगा बैरियर।

# लोस चुनाव को आज होगा मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे में लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण की 14 सीट व विधानसभा उपचुनाव की एक सीट पर चुनाव प्रचार शनिवार शाम छह बजे थम गया। 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप ने बताया कि पांचवे चरण के 14 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों व लखनऊ पूर्व विधानसभा उप चुनाव को 20 मई को मतदान होना है। 14 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में मोहनलालगंज (आरक्षित), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (आरक्षित), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (आरक्षित), बाराबंकी (आरक्षित), फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा लोकसभा सीट हैं। दस सीटें सामान्य हैं। चार सीट अनुसूचित जाति को आरक्षित है। सभी सीटों पर शनिवार

### पांचवे चरण में 14 सीटों पर होगा मतदान

शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया।

रविवार को रिणवा ने बताया कि पांचवे चरण के सभी लोकसभा चुनाव क्षेत्रों को 144 प्रत्याशी चुनावी समर में हैं। लखनऊ जिले की लखनऊ पूर्व विधानसभा उप चुनाव को चार प्रत्याशी मैदान में हैं। पांचवे चरण में यूपी में दो करोड़ 68 लाख से अधिक मतदाता उम्मीदवारों की तकदीर का फैसला करेंगे। पांचवे चरण में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रायबरेली, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर मोहनलालगंज, केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा जालौन, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व सांसद लल्लू सिंह फैजाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले में हैं। कांग्रेस व भाजपा के दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा इन सीटों पर लगी है। सभी दलों के प्रमुख नेताओं ने धुआधार प्रचार किया। चुनावी रैलियों, नुक्कड़ सभाओं से लेकर रोड शो कर मतदाताओं तक संदेश पहुंचाया। अब तक चार चरणों में यूपी की 80 सीटों में 39 सीटों पर मतदान हो गया है।

20 मई को 14 सीटों पर मतदान के बाद शेष दो चरणों में 27 सीटों पर मतदान रह जाएगा। राज्य में कुल सात चरणों में मतदान होना है। पांचवे चरण में चुनाव प्रचार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सत्ता पक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने जहां विपक्षी दलों पर जमकर हमले बोले। विपक्षी दलों के समूह इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी समेत कई नेताओं ने भाजपा पर जमकर प्रहार किये।

इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ रायबरेली व अमेठी में साझा सभायें की। अकेले चुनाव मैदान में किस्मत आजमा रहीं बसपा अध्यक्ष मायावती ने सत्तारूढ़ भाजपा के साथ ही सपा-कांग्रेस की जमकर आलोचना की। प्रधानमंत्री मोदी ने पांचवे चरण को यूपी में बाराबंकी, हमीरपुर, फतेहपुर की सभाओं को संबोधित किया। बाराबंकी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस व समाजवादी सत्ता में आई तो राम मंदिर पर बुलडोजर चलेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रायबरेली में चुनावी रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर रायबरेली को पारिवारिक सीट करार देने पर हमला बोला। रायबरेली किसी परिवार की नहीं, बल्कि जनता की सीट है। समाजवादी पार्टी के बागी विधायक मनोज पांडे भाजपा में शामिल हुए। मंच पर अमित शाह के बगल में बैठे। शाह ने शनिवार को अमेठी में स्मृति ईरानी के समर्थन में रोड शो भी किया। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली की जनता से कहा कि वे उन्हें अपना बेटा सौंप रही हैं। राहुल गांधी लोगों को निराश नहीं करेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी के मुकाबले नहीं है कोई?

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा-बसपा प्रत्याशियों के मुकाबले में हर स्तर पर भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल बेहतर साबित हो रहे हैं। व्यावहारिक-सामाजिक-राजनैतिक तौर पर सक्षम भाजपा प्रत्याशी का कहीं भी किसी से मुकाबला नहीं दिख रहा। वोटों के मामले में भी 2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को चार लाख 77 हजार 938 मत मिले थे, तब सपा-बसपा प्रत्याशी श्यामाचरण गुप्ता महज चार लाख 19 हजार मत पाकर पराजित हुए थे। इस बार इतिहास खुद को दोहराने जा रहा है।

2024 लोस चुनाव में स्थितियां कुछ खास नहीं बदली, फिर भी बदले हालात में भाजपा मुकाबले को मुस्तैद दिख रही है। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जितनी सभायें-

### चुनाव हुआ एकतरफा


भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल।

स्टार प्रचारकों ने की हैं, उतनी अन्य दलों की नहीं हुईं। स्टार प्रचारकों का भी चुनाव में खासा असर पडा है। इसकी बदौलत भी फिलहाल भाजपा प्रत्याशी अन्य दलों के प्रत्याशियों से भारी दिख रहे हैं। लोगों से बात बर्ताव-सद्भाव में भी भाजपा प्रत्याशी का कोई मुकाबला अन्य दल नहीं कर सकते- इस दशा में ये चुनाव भी उन्हीं के पक्ष में जाता दिखाई दे रहा है। ब्राम्हण मतों को साधने का काम भी जिस तेजी से हुआ है, वह खुद में विस्मित कर देने वाला है। अब तमाम ब्राम्हण भी भाजपा के पक्ष में लामबन्द होकर चुनाव जिताने में जुट गये हैं। चुनावी माहौल कई दिनों में नहीं, सिर्फ एक रात में बदला जाता है- इसे भाजपा प्रत्याशी ने सच करके दिखा दिया है कि वे राजनीति के मंजे खिलाडी हैं। 2019 के वोटों के आंकडे भी बताते हैं कि भाजपा प्रत्याशी का किसी से कोई मुकाबला नहीं है। सपा-बसपा ने संयुक्त रुप से मिलकर भी भाजपा को 2019 में नहीं हरा सके थे, तो 2024 के चुनाव में क्या गुल खिला सकते हैं? अब देखना है कि चार जून को मतदान के बाद जीत की माला कौन पहनता है- भाजपा प्रत्याशी या फिर सपा-बसपा, ये बात तो भविष्य के गर्भ में है।

## पूर्व डीजीपी की अगुवाई में बसपा के दिग्गज बने भाजपाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ऐन मतदान की पूर्व संध्या पर बसपा प्रत्याशी को करारा झटका लगा है। सूबे के पूर्व डीजीपी विजय कुमार की अगुवाई में कमासिन में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के दिग्गज नेता रमेश कुरील व बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामलखन निषाद भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में जुट गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की जीत में ही सर्व समाज की भलाई है।

## बीजेपी प्रत्याशी ने सबसे ज्यादा चुनाव में किया खर्च

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा कलेक्ट्रेट में शनिवार को सभी 12 प्रत्याशियों ने अपने-अपने खर्च का ब्यौरा व्यय प्रेक्षक सब्यसाची चक्रवर्ती के सामने पेश किया। प्रचार के अंतिम दिन सबसे अधिक भाजपा प्रत्याशी ने 61 लाख 24 हजार 308 रुपये खर्च किए। रविवार को नोडल निर्वाचन व्यय प्रेक्षक विनोद कुमार ने बताया कि स्वतंत्र जनताराज पार्टी प्रत्याशी ने 32086 रुपये, अपना दल कमेरावादी प्रत्याशी ने एक लाख 96 हजार 42 रुपये, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी प्रत्याशी ने एक लाख 57 हजार 881 रुपये, निर्दलीय प्रत्याशी ने 25410 रुपये, भागीदारी पार्टी प्रत्याशी ने 66934, राष्ट्र उदय पार्टी प्रत्याशी ने 40454, बसपा प्रत्याशी ने 40 लाख 95 हजार 389 रुपये, सपा प्रत्याशी ने 43 लख 17 हजार 341 रुपये, सीपीआई प्रत्याशी ने दो लाख 31 हजार 930 रुपये, लोग पार्टी प्रत्याशी ने एक लाख आठ हजार 915 रुपये खर्च का ब्यौरा दिया।

# कमिश्नर-डीआईजी ने पोलिंग पार्टी रवानगी का लिया जायजा

### डीएम-एसपी से ली जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव को सकुशल, शांतिपूर्ण व निर्भीक ढंग से संपन्न कराने को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर विधानसभा की पोलिंग पार्टियों की रवानगी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।


जानकारी लेते कमिश्नर-डीआईजी।

रविवार को कमिश्नर, डीआईजी ने डीएम-एसपी के साथ पोलिंग पार्टी की रवानगी बाबत जानकारी ली। पोलिंग पार्टियों के रवानगी का निरीक्षण किया। पोलिंग बूथ पर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। डीएम-एसपी ने लगातार भ्रमण कर मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीडीओ आरके त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


बैठक करते सिंधु सभा के लोग।

# मतदान में सिंधु सभा लेगी हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय सिंधु सभा की मासिक बैठक बस स्टैंड में हुई। जिले में 20 मई को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व पर सहभागिता को लेकर चर्चा हुई। तय हुआ कि समाज के सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। रविवार को भारतीय सिंधु सभा की बैठक में तय हुआ कि मतदान में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेकर आसपास के लोगों को भी मतदान को प्रेरित किया जायेगा।

बैठक में अध्यक्ष राजीव लखानी, साधूराम, श्यामलाल, ठाकुर दास, कालू, कुक्कू, ऋषिमुनि, किशोर, भावना, वंदना, शायना, दामिनी, कविता आदि मौजूद रहे।

## एक जून को होगी पेंशन अदालत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल बांदा/अध्यक्ष पेंशन अदालत की अध्यक्षता में एक जून को पूर्वान्ह 11 बजे मंडलीय पेंशन अदालत व सेवानिवृत्त अध्यापकों/कर्मचारियों के लम्बित देयकों बाबत जनसुनवाई होगी। रविवार को उन्होंने बताया कि पेंशन अदालत बाबत वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों व जनसुनवाई बाबत शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मण्डल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत 25 मई शाम चार बजे तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। पेंशन अदालत बाबत वाद पत्र व जनसुनवाई बाबत शिकायती पत्र की मूल प्रति कार्यालय में दें।

# एसपी के आदेश पर नौ पर गुण्डा-एक पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले नौ लोगों पर गुण्डा व एक पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

रविवार को कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने चुन्नू प्रसाद, राकेशमणि उर्फ गुड्डी, प्रेमचन्द्र पुत्र स्व भगवानदीन कैम्प पुरवा मजरा डिलौरा, राजेश यादव उर्फ थोपू पुत्र विजय यादव पुरानी बाजार, नसीम उर्फ बोड्डा पुत्र रईस अहमद गत्ता वाली गली भरतपुरी, सुनील रैकवार पुत्र मिठाईलाल खटकाना मोहल्ला शंकर बाजार, नफीस उर्फ छोटा मुन्ना पुत्र अहमद खान उर्फ अजमेरी शिवरामपुर, खुन्नू निषाद उर्फ छोटू पुत्र अर्जुन निषाद टिकुरा मजरा कपसेठी पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने दिलीप कुमार शुक्ला पुत्र राधे मोहन शुक्ला गर्गनपुरवा मजरा गढ़चपा व गुण्डा एक्ट व आशू सिंह पुत्र रणवीर सिंह गढ़चपा पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## सचिव-प्रधान ने किया भ्रष्टाचार

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के रुकमा बुजुर्ग गांव में विकास के नाम पर प्रधान-सचिव सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। रविवार को रुकमा बुजुर्ग गांव में सचिव-प्रधान के भ्रष्टाचार की पोल खुली। बताया गया कि रुकमा बुजुर्ग प्रधान ने वित्तीय वर्ष 2021-22 व 22-23 तथा 23-24 में मनरेगा व राज्य वित्त समेत 15वें वित्त आयोग के कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया है। प्रधान पुत्र ने भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी हैं। सीडीओ को भेजे पत्र में नत्थू कोल ने प्रधान पर सभी कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

## दो के कब्जे से 57 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी गनीवा अनिल कुमार सिंह ने सर्वेश कुमार पुत्र राजकुमार प्रजापति अर्जुनपुर को 30 क्वार्टर देशी शराब व अवध बिहारी पुत्र रामचरन सिंह कंधवनिया को 27 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा अनिल कुमार सिंह, सिपाही रामकेश कुशवाहा व प्रमोद कुमार शामिल रहे।

## लोस चुनाव में भारी पुलिस बल तैनात

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जिले में चुनाव ड्यूटी में क्षेत्राधिकारी तीन, निरीक्षक/उपनिरीक्षक 60, दीवान/सिपाही 358, होमगार्ड 209, बाहरी जिलों से निरीक्षक/उपनिरीक्षक 200, दीवान/सिपाही 2010, होमगार्ड 1348 व सीपीएमएफ/ पीएसी दस कम्पनी की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

# ईरान के राष्ट्रपति रईसी को ले जा रहे हेलीकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग, राष्ट्रपति से नहीं हो पा रहा संपर्क

**दुबई :** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे हेलीकॉप्टर को रविवार को हार्ड लैंडिंग करनी पड़ी. यह जानकारी ईरानी राज्य मीडिया ने रविवार को दी. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राष्ट्रपति रईसी से संपर्क नहीं हो पा रहा है. हालांकि रेस्क्यू के लिए कई ड्रोन घटनास्थल पर भेजे गए हैं.हेलिकॉप्टर अभी भी लापता है. वहीं रॉयटर्स ने ईरान के आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी का हवाला देते हुए बताया कि राष्ट्रपति रईसी को ले जा रहे हेलीकॉप्टरों में से एक ने खराब लैंडिंग की है, बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं.

उन्होंने बताया कि खराब मौसम और कोहरे के कारण हेलीकॉप्टरों में से एक को कठिन लैंडिंग करने के लिए मजबूर होना पड़ा. विभिन्न बचाव दल क्षेत्र में जा रहे हैं, लेकिन खराब मौसम और कोहरे के कारण उन्हें हेलीकॉप्टर तक पहुंचने में समय लग सकता है.




बताया जाता है कि रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे. इस बारे में स्टेट टीवी ने कहा कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित शहर जोल्फा के पास हुई. ईरान के स्टेट मीडिया आईआरएनए के मुताबिक, रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी यात्रा कर रहे थे. इस बीच, ईरान की मेहर समाचार एजेंसी ने बताया कि रायसी ने दुर्घटना की खबरों को अफवाह करार दिया है और कहा है कि राष्ट्रपति और उनका काफिला जमीन के रास्ते खोदाफारिन से तबरीज की यात्रा कर रहे थे.

**रईसी के काफिले में तीन हेलीकॉप्टर थे**

राष्ट्रपति रईसी के साथ तीन हेलीकॉप्टर थे, जिनमें से दो हेलीकॉप्टर पर मंत्री के अलावा अफसर थे. रईसी रविवार सुबह अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने के लिए अजरबैजान में थे. यह तीसरा बांध है जिसे दोनों देशों ने अरास नदी पर बनाया है.

**इराक सरकार ने की हेलीकॉप्टर ढूंढने की पेशकश**

वहीं दूसरी तरफ हादसे को देखते हुए इराक की सरकार ने भी रईसी के हेलीकॉप्टर को ढूंढने के लिए मदद प्रस्ताव किया है।

ईरान के उप-राष्ट्रपति तबरीज भी घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं. वहीं सरकार के प्रवक्ता अली बरादोरी जहरोमी ने जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई है।

# अमेरिकी एनएसए दो दिन के दौरे पर इजरायल, युद्ध विराम पर चर्चा

**चेन्नई :** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैक सुलिवन दो दिन की यात्रा पर रविवार को तेल अवीव पहुंचेंगे, जहां वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलंट के अलावा मोसाद तथा शिन बेत के प्रमुखों से मुलाकात करेंगे.

अमेरिका के अप्रत्यक्ष शांति वार्ता में अब तक कोई प्रगति न होने की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर लेने के बाद, सुलिवन की यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है. वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि जैक सुलिवन युद्ध विराम और हमास के कब्जे में मौजूद 128 बंधकों की रिहाई के लिए अप्रत्यक्ष शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए दूसरे विकल्पों पर विचार करेंगे.



अमेरिका छह सप्ताह के युद्ध विराम और इजरायली जेल में बंद फिलिस्तीनी कैदियों के बदले बंधकों के एक समूह की रिहाई की वकालत कर रहा है. वहीं, हमास स्थायी युद्ध विराम की मांग कर रहा है, जिस पर इजरायल का सहमत होना लगभग असंभव है.

अमेरिका ने गाजा के राफा क्षेत्र में इजरायली सैन्य अभियान का विरोध किया है और इजरायली पक्ष से इलाके में बड़ी सैन्य कार्रवाई न करने की अपील की है. यह घनी आबादी वाला क्षेत्र है जहां महिलाओं और बच्चों समेत 13 लाख लोग रह रहे हैं। अमेरिका को आशंका है कि यहां बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई से भारी जनहानि होगी.

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इजरायल में सुलिवन बंधकों की रिहाई और चरणबद्ध तरीके से युद्ध की समाप्ति की ओर बढ़ने के लिए वैकल्पिक समाधानों पर चर्चा करेंगे.

# अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से 50 लोगों की मौत, कई जिलों में तबाही



**घोर:** अफगानिस्तान के घोर प्रांत में विनाशकारी बाढ़ के कारण महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई. खामा प्रेस समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी. घोर के स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के कारण घोर प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 2,500 परिवार, सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि और बाग-बगीचों में फैले आवासीय घर, सैकड़ों पुल, पुलिया और दीवारें नष्ट हो गई हैं.

बाढ़ के चलते हजारों पशु मारे गए. काफी संख्या में पशु तेज बहाव में बह गए. रिपोर्ट के अनुसार घोर के स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि घोर-हेरात राजमार्ग सहित इस प्रांत के अधिकांश जिलों के परिवहन मार्ग अवरुद्ध हो गए. अफगानिस्तान के बगलान प्रांत और कई अन्य प्रांतों में अचानक आई बाढ़ ने कहर बरपाया है. भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के कारण बगलान और अन्य इलाकों में जान-माल का भारी नुकसान हुआ है.

रिपोर्टों से पता चलता है कि बाढ़ ने घरों और बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया. परिवहन मार्ग अवरुद्ध हो गए. इससे जनसमुदाय अलग-थलग पड़ गए. उन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है. स्थानीय अधिकारी, राष्ट्रीय राहत प्रयासों के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में सहायता प्रदान करने के लिए संसाधन जुटा रहे हैं. हालाँकि, व्यापक स्तर पर बाढ़ आने के चलते नुकसान का दायरा बढ़ गया. इससे कई चुनौतियाँ उत्पन्न हो गई.

एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार 16 मई को पोप फ्रांसिस ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान में बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का आग्रह किया था. आम दर्शन के दौरान पोप फ्रांसिस ने कहा कि वह पीड़ितों, विशेषकर बच्चों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं. आम दर्शन के दौरान पोप फ्रांसिस ने कहा कि वह पीड़ितों, विशेषकर बच्चों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं. पिछले कुछ दिनों में उत्तरी अफगानिस्तान के कम से कम तीन प्रांतों के 18 जिलों में आई बाढ़ से कम से कम 300 लोग मारे गए हैं. संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ों लोग घायल हुए हैं. ऐसा माना जा रहा है कि कई लोग अभी भी कीचड़ में दबे हुए हैं.

# दुबई में धूमधाम से मनाई गई महाकवि सूरदास की जयंती

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात के प्रमुख शहर दुबई में महाकवि सूरदास की 547वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भारत के विभिन्न प्रांतों की संस्कृतियों को समागम भी देखने को मिला। कार्यक्रम में हवेली संगीत, गद्य-पद्य प्रस्तुतीकरण के साथ महिलाओं एवं बच्चों ने नृत्य नाटिका का भी मंचन किया। दुबई के बर-दुबई स्थित मीना बाजार के सिंधी कम्युनिटी हॉल में कीर्तन साहित्य सभा के संस्थापक प्रज्ञान पुरुष डॉ. साहित्य चतुवेर्दी के नेतृत्व और ग्लोबल भारत फेस्टिवल ग्रुप के तत्वावधान में महाकवि सूरदास की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. साहित्य चतुवेर्दी ने बताया कि हिंदी भाषा के महाकवि सूरदास ने मथुरा में रह कर पांच सौ वर्ष पूर्व हवेली संगीत के रूप में भक्तिधारा प्रवाहित की थी। आज पहली बार अरब देश की धरा पर उसी भक्तिधारा का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोस्वामी गोविंद राय जी (भक्तिसेतु हवेली, वापी) ने की।

जयंती का कार्यक्रम तीन भागों में विभाजित किया गया। पहले सत्र में श्रीनाथजी की हवेली के श्रद्धालु भक्तगण, पुष्टि परिवार ग्रुप, सिंधी समाज ग्रुप ने अपनी भक्तिमयी प्रस्तुतियां दीं। कायक्रम में डॉ. साहित्य चतुवेर्दी और उनकी मंडली ने हवेली संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# किंग चार्ल्स से भी अमीर हैं पीएम सुनक और उनकी पत्नी, एक साल में अरबों रुपये बढ़ी संपत्ति

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति में एक साल में 12.7 अरब रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है. दोनों की संयुक्त संपत्ति बढ़कर 68.67 अरब रुपये हो गई है. संपत्ति के हिसाब से पीएम सुनक और उनकी पत्नी ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स से ज्यादा अमीर हैं. पढ़ें पूरी खबर.

लंदनः ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति में भारी वृद्धि हुई है. ब्रिटिश न्यूज चैनल आईटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक साल में पीएम सुनक और उनकी पत्नी की संपत्ति में 120 मिलियन पाउंड (12.7 अरब रुपये) से अधिक की वृद्धि हुई है और दोनों की संयुक्त संपत्ति बढ़कर 651 मिलियन पाउंड (68.67 अरब रुपये) हो गई है. हालांकि, दंपती की मौजूदा संपत्ति अभी भी 2022 की तुलना में कम है, उस समय दोनों की संयुक्त संपत्ति करीब 730 मिलियन पाउंड तक पहुंच गई थी.

हाल ही में जारी संडे टाइम्स की अमीरों की सूची से पता चला है कि विपरीप आर्थिक परिस्थितियों के कारण ब्रिटेन में जहां अरबपतियों की संख्या में कमी आई है, वहीं सुनक और उनकी पत्नी की संपत्ति में भारी वृद्धि हुई है. एक साल पहले सुनक और अक्षता मूर्ति की संयुक्त संपत्ति 529 मिलियन पाउंड (55.80 अरब रुपये) थी. रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले एक साल में




ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स की संपत्ति भी बढ़ी है और अब उनकी संपत्ति 600 मिलियन पाउंड से बढ़कर 610 मिलियन पाउंड हो गई है.

**इंफोसिस में शेयरों के मूल्य में वृद्धि से संपत्ति बढ़ी**

बताया गया है कि दिग्गज भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस में अक्षता मूर्ति की हिस्सेदारी के कारण दोनों की संपत्ति में वृद्धि हुई है. अक्षता के पिता नारायण मूर्ति इंफोसिस के को-फाउंडर हैं. आईटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इंफोसिस में अक्षता मूर्ति के शेयरों के मूल्य में भारी वृद्धि हुई, जिनका मूल्य एक वर्ष के भीतर 108.8 मिलियन पाउंड से बढ़कर लगभग 590 मिलियन पाउंड हो गया.

**कम हुई अरबपतियों की संख्या**

वहीं, पिछले एक साल में ब्रिटिश अरबपतियों की संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई है और लगातार तीसरे साल अरबपतियों की संख्या कम हुई है. 2022 में ब्रिटेन में 177 अरबपित थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर 165 रह गई है. इसके लिए कई कारकों को जिम्मेदार बताय गया है. आईटीवी के अनुसार, अरबपतियों की संख्या में कमी ब्रिटिश अर्थव्यवस्था के लिए सही नहीं है, क्योंकि अरबपतियों से हजारों लोगों की आजीविका चलती है.

**गोपी हिंदुजा अरबपतियों में एक बार फिर शीर्ष पर**

ताजा आंकड़ों के मुताबिक ब्रिटेन के 350 सबसे अमीर व्यक्तियों और परिवारों के पास कुल 795.36 बिलियन पाउंड की संपत्ति है. अमीरों की सूची में गोपी हिंदुजा और उनका परिवार एक बार फिर शीर्ष पर है, जो भारतीय कंपनी हिंदुजा समूह के मालिक हैं. उनकी संपत्ति पिछले साल के 35 बिलियन पाउंड से बढ़कर 37.2 बिलियन पाउंड हो गई है.




वहीं, मैनचेस्टर यूनाइटेड के निवेशक और इनियोस के संस्थापक सर जिम रैटक्लिफ की संपत्ति में सबसे बड़ी गिरावट देखी गई, उनकी कुल संपत्ति 6 बिलियन पाउंड से अधिक घटकर 23.52 बिलियन पाउंड रह गई है. इसी तरह, सर जेम्स डायसन की संपत्ति 23 बिलियन पाउंड से घटकर 20.8 बिलियन पाउंड हो गई है. सर रिचर्ड ब्रैनसन की संपत्ति 4.2 बिलियन पाउंड से घटकर 2.4 बिलियन पाउंड बची है.

# गाजा से 24 घंटे के भीतर इजराइली बंधकों का चौथा शव बरामद

**तेल अवीवः** गाजा पट्टी से हमास द्वारा बंधक बनाए गए तीन इजराइलियों के शव बरामद होने के एक दिन बाद इजराइली बलों ने शनिवार को युद्धग्रस्त क्षेत्र से एक और बंधक का शव बरामद किया. द टाइम्स ऑफ इजरायल ने इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईडीएफ प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना ने गाजा पट्टी से एक और बंधक का शव बरामद किया है. इससे पहले कल सेना ने घोषणा की थी कि तीन बंधकों के शव लाए गए थे. शनिवार को जिस बंधक का शव बरामद किया गया उसकी पहचान 53 वर्षीय रॉन बेंजामिन के रूप में हुई है. उसे 7 अक्टूबर की सुबह हमास ने अगवा कर लिया था.

हगारी ने कहा कि बेंजामिन की हत्या 7 अक्टूबर को मेफाल्सिम के निकट हमास आतंकवादियों ने कर दी थी और उनके शव को बंधक बनाकर गाजा ले जाया गया था. आईडीएफ ने घोषणा की कि उसने रात भर चले अभियान में उसके अवशेष बरामद कर लिए हैं. हगारी ने कहा, 'गुरुवार रात के ऑपरेशन में इत्जाक गेलरेंटर, अमित बुस्किला और शनि लौक के

शव बरामद किए गए.

टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि बेंजामिन से आखिरी बार 7 अक्टूबर को सुबह 7:30 बजे बात हुई थी. उस समय उन्होंने अपनी दो बेटियों में से एक के लिए एक संदेश छोड़ा था. उनकी बेटी उस समय विदेश यात्रा पर थीं. इसमें उन्होंने बताया था कि वे गाजा सीमा के पास से बाइक यात्रा से रेहोवोट स्थित अपने घर लौट रहे थे, क्योंकि वहां रॉकेटों की बौछार हो रही थी.

बेंजामिन उस सुबह 6:30 बजे किबुत्ज बेरी के पास बाइक की सवारी के लिए दोस्तों से मिलने के लिए निकले थे. जब उसने सायरन की आवाज सुनी तो उसने वापस मुड़ने और घर जाने का फैसला किया. उसने अपनी पत्नी ऐलेट से बात की और अपनी बेटी के लिए एक संदेश छोड़ा. टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को इजराइली सेना और हमास के बीच चल रही भीषण लड़ाई के बीच आईडीएफ ने युद्धग्रस्त गाजा पट्टी से तीन बंधकों के शव बरामद किए.

तीनों की पहचान इत्जाक गेलरेंटर, अमित बुस्किला और शनि लौक के रूप में हुई. एक प्रेस वक्तव्य में आईडीएफ प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना और शिन बेट द्वारा रात भर चलाए गए अभियान में शव बरामद किए गए. 7 अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में हुए हमले की सुबह ये तीनों रेइम के निकट सुपरनोवा संगीत समारोह में थे, जहां से वे मेफाल्सिम क्षेत्र में भाग गए। हगारी ने कहा कि उन्हें वहां हमास आतंकवादियों ने मार डाला और फिर उनके शवों को गाजा ले जाया गया. टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार हाल ही तक गेलरेन्टर और बुस्किला दोनों को जीवित माना जा रहा था, जबकि लौक की अक्टूबर के अंत में मृत्यु की पुष्टि हो गई थी. आतंकवादियों द्वारा उनका अपहरण करने के व्यापक रूप से साझा किए गए फुटेज के बाद उनकी सिर के एक टुकड़े की पहचान की गई थी.

# पाकिस्तान: दक्षिणी वजीरिस्तान में एक और लड़कियों के स्कूल पर बमबारी



**पेशावर :** आतंकवादियों ने दक्षिण वजीरिस्तान के वाना तहसील में एक लड़कियों के स्कूल को निशाना बनाया है. देश का उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र 2021 के मध्य से आतंकवादी हमलों से त्रस्त है. इसमें केपी जिलों में कई लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाया गया. सुदूर और अविकसित जिले में लड़कियों को शिक्षित करने के लिए वाना वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से स्थापित सोफिया नूर स्कूल अपनी स्थापना के कुछ ही सप्ताह बाद बमबारी का शिकार हो गया.

जियो न्यूज के अनुसार यह हमला आठ दिन पहले दक्षिणी जिलों में एक अन्य स्कूल को नष्ट किये जाने की घटना के तुरंत बाद हुआ है. 9 मई को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा कस्बे में इस्लामिया गर्ल्स स्कूल पर भी बमबारी की गई. खुशकिस्मती से इसमें कोई हताहत नहीं हुआ. स्कूल पर बमबारी से प्रांत के निवासियों में भय व्याप्त हो गया है.

यहां के लोग वर्षों से शैक्षणिक संस्थानों पर लगातार हमले देख रहे हैं. रिपोर्टों से पता चलता है कि सोफिया नूर स्कूल के कुछ हिस्सों में निर्माण कार्य चल रहा था. इस दौरान सुबह 3 बजे के आसपास विस्फोट हुआ. इससे इमारत के एक हिस्से को नुकसान पहुंचा. हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि स्कूल प्रशासन को जबरन वसूली के पत्र मिले हैं.

हालांकि, स्थानीय लोगों ने इन आरोपों का पुरजोर खंडन किया है. केपी में एक दशक से भी अधिक समय पहले सैकड़ों स्कूलों को बम विस्फोट, आगजनी या स्वचालित हथियारों से हमलों का सामना करना पड़ा था. हालांकि पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा अभियान शुरू करने के बाद स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन वजीरिस्तान में स्कूलों पर हाल ही में हुए हमलों ने स्थानीय लोगों के बीच चिंताएं फिर से बढ़ा दी हैं.

# नेपाल : प्रधानमंत्री को विश्वास का मत लेने से रोकने का विपक्षी मोर्चा का निर्णय

**काठमांडू।** सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के बीच संभावित सहमति नहीं होने से सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा संसद में लिए जाने वाले विश्वास के मत पर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है।सहकारी घोटाले में गृहमंत्री की संलग्नता की जांच के लिए संसदीय समिति के गठन पर सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के बीच सहमति तो बन गई थी लेकिन उसमें गृहमंत्री का नाम रखने और नहीं रखने को लेकर सहमति नहीं बन पाने के कारण संसद का अवरोध जारी रखने का निर्णय किया गया है। विपक्षी दलों की बैठक के बाद नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा ने पत्रकार सम्मेलन कर कहा कि सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा विश्वास का मत लेने का विरोध किया जाएगा। थापा ने कहा कि कल सुबह 11 बजे तक यदि संसदीय समिति पर सहमति जुटती है तो ठीक वरना सदन में तोई भी कार्रवाही नहीं चलने दी जाएगी। प्रधानमंत्री के तरफ से सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास का मत लेने की कार्यसूची रखी गई है। प्रधानमंत्री प्रचण्ड पांचवीं बार सदन में विश्वास का मत लेने जा रहे हैं। प्रचण्ड को समर्थन कर रहे जनता समाजवादी पार्टी नेपाल के तरफ से समर्थन वापस लेने के बाद संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक 30 दिन के भीतर विश्वास का मत लेना है। तेजी से बदलते राजनीतिक हालात ते बीच प्रधानमंत्री समर्थन वापस लेने के एक हफ्ते बाद ही विश्वास का मत ले रहे हैं।

# नेपाल : गृहमंत्री लामिछाने को संसद में बोलने देने के लिए विपक्षी दल तैयार

**काठमांडू।** नेपाल में विपक्षी दल गृहमंत्री रवि लामिछाने को संसद के बजट सत्र में अपना पक्ष रखने देने के लिए तैयार हो गए हैं। इसके साथ ही विपक्षी दलों ने कहा है कि सहकारी घोटाले में अपनी संलिप्तता को लेकर लामिछाने का बयान यदि संतोषजनक नहीं होगा तो संसद में पहले ही तरह उनका विरोध जारी रहेगा। हालांकि पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने वाली संसद की कार्रवाई अब तक शुरू नहीं हो पाई है। प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के आह्वान पर आज सुबह विपक्षी नेताओं की बैठक हुई। संसद भवन में आयोजित विपक्षी मोर्चे की बैठक में गृहमंत्री को अपना पक्ष रखने देने पर सहमति बनी है। बैठक के बाद राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के प्रमुख सचेतक ज्ञानेन्द्र शाही ने मीडियाकर्मियों को बताया कि गृहमंत्री लामिछाने अपने ऊपर लगे आरोपों के बारे में संसद में अपना पक्ष रखना चाहते थे।